

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 75 रांची, मंगलवार, 24 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



# राज्य में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न, मतदाताओं में दिखा जोश

## राज्यभर में 62 प्रतिशत मतदान, राजधानी रांची रही सबसे पीछे

**मेयर–अध्यक्ष समेत हजारों उम्मीदवारों की किस्मत बंद**

**प्रशासन की ओर से सुरक्षा के किये गये थे व्यापक इंतजाम**

**चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल की रही तैनाती, वरीय अधिकारी दिनभर करते रहे मतदान केंद्रों का निरीक्षण**

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के सभी 48 नगर निकायों के लिए मतदान सोमवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा। सुबह सात बजे से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने जानकारी दी कि राज्य के 48 शहरी स्थानीय निकायों में शाम पांच बजे तक कुल 62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि सबसे कम रांची में मतदान का प्रतिशत रहा।

उन्होंने कहा कि राज्य के शहरी स्थानीय निकायों में सबसे कम मतदान रांची में हुआ है। रांची में सिर्फ 43.35 प्रतिशत मतदान हुआ है।

उल्लैखनीय है कि राज्य में मेयर और अध्यक्ष पद के लिए कुल 562 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 5562 प्रत्याशी वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सभी 6124 प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य शाम पांच बजे 8608 मतपेटियों में कैद हो गया। इस बार राज्य के नौ नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायतों में चुनाव कराए गए हैं। इसमें मेयर और अध्यक्ष के 48 पद और वार्ड पार्षदों के 1042 पदों के लिए वोट डाले गये हैं। वहीं इनमें 41 वार्ड पार्षद निर्विरोध चुने जा चुके हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 22 लाख 11 हजार 781, महिला मतदाताओं की संख्या 21 लाख 31 हजार 370 और थर्ड जेंडर वर्ग से 144 मतदाता हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पलामू जिले के मेदनीनगर नगर निगम में 57.41 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार विश्रामपुर नगर परिषद में 66.67, हुसैनाबाद नगर पंचायत में 59.86, हरिहरगंज नगर पंचायत में 64.99 प्रतिशत और छत्ततरपुर नगर पंचायत में 65.81 प्रतिशत मतदान हुआ।

वहीं गढ़वा जिले के गढ़वा नगर परिषद में 63.32, श्रीबंशीधरनगर नगर पंचायत में 63.07, मझिआंव नगर पंचायत 62.80, लातेहार जिले के लातेहार नगर पंचयात में 66.12, चतरा जिले के चतरा नगर परिषद में 68.88 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार हजारीबाग जिले के हजारीबाग नगर निगम में 49.95, झुमरीतिलैया नगर परिषद में 58.82 प्रतिशत वोटिंग हुई। कोडरमा जिले के कोडरमा नगर पंचायत में 56.89, डोमचांच नगर पंचायत में 54.16, गिरिडीह जिले के गिरिडीह नगर निगम में 59.29, बड़कीसरैया नगर पंचायत में 63.74 और धनवार नगर पंचायत 65.22 प्रतिशत मतदान हुआ। देवघर जिले के देवघर नगर निगम में 52.92, मधुपुर नगर परिषद में 67.50, गोड्डा जिले के गोड्डा नगर परिषद में 64.13 और महागामा पंचायत में 70.45 प्रतिशत वोटिंग हुई।

# रांची से दिल्ली जा रहा एयर एंबुलेंस चतरा के जंगलों में हुआ दुर्घटनाग्रस्त

## पायलट सहित सात लोग थे सवार, सभी की मौत

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**



**चतरा/रांची।** चतरा जिले के सिमरिया इलाके में सोमवार शाम रांची से दिल्ली जा रही एयर एम्बुलेंस के क्रैश होने से सभी सात लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी की पुष्टि होते ही अफरा-तफरी का माहौल हो गया हैं। यह एयरक्राफ्ट रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड का था, जो रांची एयरपोर्ट से शाम 7।11 बजे उड़ान भर चुका था। चतरा की डिप्टी कमिश्नर कीर्तिश्री ने बताया कि एयरक्राफ्ट शाम लगभग 7।30 बजे रडार से गायब हो गया और बाद में बरियातू पंचायत के पास क्रैश पाया गया। टेकऑफ के लगभग 20 मिनट बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्लेन का संपर्क टूट गया। रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने कहा, ₹खराब मौसम क्रैश की एक वजह हो सकती है, लेकिन असली कारणों का पता डीजीसीए की जांच के बाद ही चलेगा।

### शवों की पहचान

हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान हो चुकी हैं, इनमें कैप्टन विवेक विकास भगत, कैप्टन सवराजदीप सिंह, संजय कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, सचिन कुमार मिश्रा, अर्चना देवी और धुरु कुमार के नाम शामिल हैं। सभी शवों को क्रैश साइट से निकाल लिया गया है।

### एयरक्राफ्ट और मरीज की जानकारी

डीजीसीए की वेबसाइट के अनुसार, रेडबर्ड एयरवेज के फ्लीट में कुल छह एयरक्राफ्ट है, जिसमें यह क्रैश हुआ एयरक्राफ्ट भी शामिल था। रांची के देवकमल हॉस्पिटल के सीईओ अनंत सिन्हा ने बताया कि एयर एम्बुलेंस का इंतजाम उनके एक मरीज ने किया था। डीजीसीए और स्थानीय प्रशासन इस हादसे की पूरी जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट में खराब मौसम को हादसे की संभावित वजह बताया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग डाला वोट

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपनी पत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ मतदान किया। मुख्यमंत्री रांची के हरमू स्थित संत कुलदीप स्कूल में बने मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही समर्थकों और आम लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। कई लोग उनसे मिलने और कल्पना सोरेन के साथ तस्वीर लेने को उत्सुक दिखे। हालांकि, मुख्यमंत्री दंपति ने आम मतदाता की तरह कतार में खड़े होकर शांतिपूर्वक मतदान किया। वोट डालने के बाद मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए फोटो खिंचवाई। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकलकर मतदान करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का अह्वान किया।

# राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डाला वोट



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव के तहत रांची स्थित श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद राज्यपाल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक अनिवार्य एवं सशक्त अंग है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं। उन्होंने नागरिकों से स्वेच्छा, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन किया जाना चाहिए जो क्षेत्र, शहर एवं प्रदेश के समग्र विकास के प्रति संवेदनशील और प्रतिबद्ध हों।

## किश्तवाड़ के चतरू में 326 दिनों तक चला संयुक्त ऑपरेशन

# सुरक्षाबलों ने सात खूंखार आतंकी मार गिराये

**एजेंसी**



**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले के चतरू क्षेत्र में 326 दिनों तक चले एक संयुक्त अभियान में सात खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने इस अभियान को वीरतापूर्ण दृढ़ता बताया और कहा कि किश्तवाड़ के चुनौतीपूर्ण भूभाग और खराब मौसम की स्थिति में अथक और कठिन अभियान चलाए गए। सेना ने कहा कि व्हाइट नाइट कोर के जवानों ने जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के समन्वय से नागरिक और सैन्य खुफिया एजेंसियों के सुव्यवस्थित खुफिया नेटवर्क के आधार पर कार्रवाई की गई। सुरक्षा बलों ने भीषण ठंड और जमा देने वाली ठंड में दुर्गम पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का पीछा किया, जिसके परिणामस्वरूप कई बार मुठभेड़ हुई और अंततः सभी सात आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना ने कहा कि ऑपरेशन में सहायता के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए, यूएवी और संचार प्रणालियों सहित उन्नत तकनीक का लगातार उपयोग किया गया। सेना ने कहा कि सैफुल्लाह और उसके साथियों का खात्मा क्षेत्र में सक्रिय आतंकी नेटवर्क को करारा झटका है। यह सफलता बलों और खुफिया एजेंसियों के दृढ़ संकल्प, साहस और शौर्य को दर्शाती है।

# रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ एक और तेजस

## वायुसेना ने 30 विमानों की उड़ान पर लगाई रोक

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का एक तेजस लड़ाकू विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में एक अग्रिम एयरबेस पर लैंडिंग के वक्त संदिग्ध ब्रेक फेल होने के कारण विमान रनवे से आगे निकल गया। इस घटना में विमान के ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, हालांकि राहत की बात यह रही कि पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में कामयाब रहा। यह घटना 7 फरवरी की बताई जा रही है, जिस पर अभी तक वायुसेना की ओर से कोई औपचारिक सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए भारतीय वायुसेना ने एहतियाती कदम उठाते हुए लगभग 30 सिंगल-सीट तेजस जेट विमानों के पूरे बेड़े को अस्थायी रूप से उड़ान भरने से रोक दिया है। सूत्रों का कहना है कि विमानों की तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों की व्यापक समीक्षा पूरी होने तक यह बेड़ा जमीन पर ही रहेगा। तेजस विमान से जुड़ी यह तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले मार्च 2024 में जैसलमेर के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और दूसरी घटना नवंबर 2025 में दुबई एयरशो के दौरान सामने आई थी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पंडित रघुनाथ मुर्मू हेरिटेज ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को पंडित रघुनाथ मुर्मू हेरिटेज ट्रस्ट, रायरंगपुर, ओडिशा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने ट्रस्ट द्वारा आगामी 11 और 12 अप्रैल 2026 को दुबई के बुर्ज खलीफा में आयोजित किए जाने वाले ओलचिकी शताब्दी समारोह के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और इसकी सांस्कृतिक महत्ता से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा ओलचिकी लिपि में अनूदित झारखंड का मानचित्र सप्रेम भेंट किया। मुलाकात के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष चुन्नियान मुर्मू, कोषाध्यक्ष अंता आलोक बास्के तथा सदस्य डॉ. डुमनी माई मुर्मू उपस्थित थे।

# भारतीय नागरिक को जल्द ईरान छोड़ने की सलाह

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए ताजा एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने भारतीयों को सलाह दी है कि वे कमर्शियल फ्लाइट सहित उपलब्ध सभी साधनों का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र ईरान से बाहर निकल जाएं। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर जारी तनाव के चलते हालात संवेदनशील बने हुए हैं। दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर डील पर अगली अहम बैठक 26 फरवरी को जिनेवा में प्रस्तावित है। ओमान की मध्यस्थता से हो रही इस वार्ता का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नई सहमति बनाना है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 10 से 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि समझौते पर प्रगति नहीं हुई तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। इसके बाद दोनों देशों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। ईरान की ओर से भी संकेत मिले हैं कि वह बाहरी दबाव में कोई समझौता नहीं करेगा।

**खाड़ी क्षेत्र में बढ़ी सैन्य गतिविधि :** तनाव के बीच अमेरिका ने खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मध्य पूर्व में कई युद्धपोतों और नौसैनिक संसाधनों की तैनाती की गई है। हालांकि अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता और अपने हितों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती सैन्य गतिविधियां कूटनीतिक प्रयासों पर असर डाल सकती हैं और किसी भी संभावित गलत आकलन की स्थिति को गंभीर बना सकती हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी का बंगाल की जनता के नाम पत्र - राज्य के समग्र विकास का संकल्प दोहराया

# पीएम मोदी ने बंगाल के मतदाताओं से कहा- एबार भाजपा सरकार

**पीएम बोले – सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर युवा, बुजुर्ग और महिला आज पीड़ा में है**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता के नाम एक खुला पत्र जारी कर राज्य के समग्र विकास का संकल्प दोहराया है। पत्र में उन्होंने राज्य की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले महीनों में पश्चिम बंगाल का भविष्य तय होगा और यह निर्णय यहां की जनता के सोच-समझकर लिए गए फैसले पर निर्भर करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र की शुरूआत जय मां काली के संबोधन से करते हुए पश्चिम बंगाल के नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य का हर युवा, बुजुर्ग और महिला आज बेहतर भविष्य की अपेक्षा रखता है और उनकी पीड़ा उन्हें भी व्यथित करती है। इसी भावना के साथ उन्होंने पश्चिम बंगाल को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प लेने की बात कही।

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए दावा किया कि पिछले वर्षों में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद, पश्चिम बंगाल में पांच करोड़ लोग जन-धन योजना के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालयों का निर्माण कराया गया है।

छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये का लोन दिया गया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से एक करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस देकर माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 56 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में परिवारों को पक्के घर मिले हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि किसान सम्मान निधि के माध्यम से 52 लाख किसानों को सीधी आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव का किया उल्लेख

पत्र में मोदी ने पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और यह देश की अर्थव्यवस्था की दिशा तय करने वाला अग्रणी प्रदेश रहा है। किंतु पिछले दशकों में कुशासन और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राज्य को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार के अभाव में युवाओं को अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने बंगाल की महान विभूतियों का स्मरण करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद और रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने जिस बंगाल की कल्पना की थी, वह आज संकीर्ण राजनीति और हिंसा की चपेट में दिखाई देता है। राज्य की पवित्र भूमि अवैध घुसपैठ और हिंसात्मक घटनाओं से प्रभावित हो रही है, जिससे पूरे देश में चिंता का वातावरण है। उन्होंने कहा कि अब परिवर्तन अनिवार्य है और देश के अन्य राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल में भी विकास, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन पर अदालत हुआ सख्त

**पुलिस हिरासत में चार यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता**

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान हुए हंगामे पर दिल्ली की एक अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रवि की कोर्ट ने विरोध प्रदर्शन के तरीके की तीखी आलोचना करते हुए इसे असहमति जताने का अनुचित तरीका करार दिया है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह शर्टलेस विरोध प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था, जिसने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की कूटनीतिक छवि को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए चार कार्यकताओं को कोर्ट ने शनिवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों में बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार के प्रदेश सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना के नरसिंह यादव शामिल हैं।

# अनाथ अर्पित को विधायक ने दिलाया पढ़ाई कराने का भरोसा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** विधायक राम सूर्या मुंडा के प्रयास से कर्रा प्रखंड की बमरजा पंचायत के खरतांगा गांव के आठ वर्षीय अनाथ बच्चे अर्पित तिर्की की पढ़ाई का सपना पूरा होगा। विधायक राम सूर्या मुंडा सोमवार को खरतांगा गांव के दौरे पर थे । उसी दौरान उन्हें अनाथ अर्पित तिर्की के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने बच्चे को अपने पास बुलाकर बातचीत की। जब विधायक ने उससे उसके भविष्य के सपने के बारे में पूछा, तो अर्पित ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि वह पढ़ लिख कर भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहता है। बालक के इस जज्बे और दृढ़ संकल्प को सुनकर विधायक भावुक हो उठे। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर अर्पित की पढ़ाई और समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उसका नामांकन नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने को कहा। विधायक ने कहा कि



हर बच्चे को सपने देखने और उन्हें साकार करने का समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अर्पित की शिक्षा और भविष्य को लेकर हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और पात्र लाभुकों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के पिछड़े गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क, शिक्षा, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# सिल्ली अस्पताल पहुंचा टीआईटी वाहन, टीकाकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में दी जानकारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष टीआईटी (ट्रेनिंग आईसी ट्रांसपोर्टेशन ) वाहन पहुंचकर टीकाकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रियंका सिंहा ने कहा कि विशेष टीआईटी (ट्रेनिंग आईसी ट्रांसपोर्टेशन) वाहन पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी को लेकर वाहन के माध्यम से स्वास्थ्य सहायिकाओं और आम लोगों को विशेष जानकारी दी जा रही है। यह विशेष



अभियान 10 फरवरी को शुरू हुआ और 10 अप्रैल तक चलने वाला है। अभियान का उद्देश्य जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, टीकाकरण, पोषण, रोग नियंत्रण और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रखंड डाटा प्रबंधक कमल दे ने बताया कि यह वाहन स्वास्थ्य विभाग का प्रचार-प्रसार माध्यम है, जो स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों को सीधे जनता तक पहुंचाने का कार्य करता है। इस मौके पर डॉ विवेक कुमार, मारुति नंदन प्रसाद, संजीव कुमार महतो, संजय महतो एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### इटकी में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहवना, किसानों को मिली राहत

**इटकी।** इटकी में सोमवार की शाम तेज हवा के साथ झमाझम वारिश हुई जिससे मौसम सुहवना हो उठा वही वारिश से किसानों को फसल पटवन कार्य से राहत मिली है। क्षेत्र में शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज हवा और बिजली कड़क के साथ झमाझम होने लगी। करीब दस मिनट की वारिश ने लोगो बड़ी राहत पहुंचाया है खाश कर किसानों को लाभ मिला है। किसानों ने कहा इस अचानक हुई वारिश से किसानों को पटवन कार्य में कुछ दिनों के लिए राहत मिली है हलांकि तेज हवा के कारण बिजली कट हो गई है। विभाग द्वारा समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल नही की जा सकी थी।

### स्कूल में टार्गेट नाइन्टी प्लस पुस्तक का विमोचन

**पिठोरिया।** कांके के मरवा स्थित



साइंस विजन पब्लिक स्कूल में 23 फरवरी को आठवीं बोर्ड के बच्चों के लिए टार्गेट नाइन्टी प्लस पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर निदेशक आसीम अख्तर ने बताया कि आठवीं बोर्ड के लिए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुस्तक तैयार किया है। यह पुस्तक 8वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में बच्चों को बेहतरीन मार्गदर्शन देगा। कार्यक्रम में प्राचार्या बीना राम, कौशरी नाज, सुनील कुमार, मौसमी कुमारी, दीया सिंह, सुषमा साहू, मनोज कुमार, नसीम अहमद, जीशान अहमद, लाली पटेल, रौशन आरा, तौफीक आलम, शादाब आलम, मनिता, ललिता, रीता बारला, अंकित लगुन आदि मौजूद थे।

### दिव्यांग युवती को विवाह के लिए दी अलमारी

**रामगढ़।** लघु उद्योग भारती ने एक दिव्यांग युवती को विवाह के लिए अलमारी भेंट की है। सोमवार को कुज्जू निवासी दिव्यांग युवती पूनम कुमारी को अलमारी भेंट की गई। यह कार्यक्रम होटल शिवम इन कैंपस में संपन्न हुआ। संगठन के जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा और सचिव वरुण बगड़िया ने संयुक्त रूप से बताया कि पूनम कुमारी ने अपने विवाह के लिए अलमारी देने का आग्रह संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़ से किया था।

# रामगढ़ में एसपी अजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने किया मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** नगर परिषद चुनाव के दौरान सोमवार को रामगढ़ जिले के अधिकारियों ने भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। छत्तरमांडू वार्ड 28 के बूथ नंबर 1, 2, 3 और 4 पर जिले के कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम मतदाता सूची में शामिल थे, जहां उन्होंने पहुंचकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

रामगढ़ पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय कुमार, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, गोपनीय शाखा प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) प्रियंका कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम तथा एनआईसी प्रभारी बिरेंद्र कुमार सहित कई अधिकारियों ने मतदान किया। मतदान के बाद एसपी अजय कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की




अपील की। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होता है और यह मतदान बैलेट पेपर से हो रहा है, इसलिए विशेष सजगता के साथ वोट डालने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता घर से निकलकर पहले मतदान करें। पूरे क्षेत्र में चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। लगभग सभी वार्डों के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जो एक सजग और जागरूक लोकतंत्र का संकेत है।

### ट्रैक्टर पटलने से चालक का मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के तेलवाडीह पंचायत के पारमजाडेया और एडरमहातू गांव के समीप पुलिया पर ट्रैक्टर पलटने से चालक का मौत हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार दिन के 11 बजे के आसपास जाड़ेया



की ओर से आ रही ट्रैक्टर पुलिया में असंतुलित होकर पलट गई। ट्रैक्टर पटलने से तत्काल चालक का मौत हो गया। चालक जाड़ेया गांव का 25 वर्षीय नीतीश कुमार महतो था, जो ट्रैक्टर से गिट्टी ले जा रहा था। घटना की सूचना पर समाजसेवी राजेंद्र महतो, कैलाश महतो, झामुमो प्रखंड सचिव छुटू सिंह मुंडा, सुभाष महतो घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस की व्यवस्था किया। सूचना मिलते ही थाना से एसआई राकेश कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। आवश्यक कारवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक शादीशुदा है और एक बच्ची का पिता है। घटना के बाद परिजनों का रो कर बुरा हाल है।

### स्व. विष्णु चरण महतो की जयंती समारोह का आयोजन



**सिल्ली।** मुरी गोला पथ पर सिंगपुर चौक के समीप सोमवार को स्व विष्णु चरण महतो जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंदीय सचिव सह पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू ने स्व विष्णु चरण महतो के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व विष्णु चरण महतो का हमेशा लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित तथा नशा के खिलाफ जागरूक करने में उल्लेखनीय योगदान रहा है। हम सभी को उनके विचारधारा पर अमल करने की आवश्यकता है। स्व विष्णु चरण महतो प्रारंभिक शिक्षा गॉव के सिंगपुर स्कूल में प्राप्त की थी। मैट्रिक परीक्षा चक्रधरपुर से दिया था जबकि कॉलेज की पढ़ाई पटना विष्वविद्यालय से किया था उन्होने 1950 में वकालत की डिग्री हासिल की थी। वे सिल्ली के पहले प्रमुख थे तथा वे छोटानागपुर लॉ कॉलेज के रीडर भी रहे। उन्होने अपने प्रयास से कुरमाली भाषा परिषद के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। साथ ही स्व विष्णु चरण महतो में बड़े पुत्र एवं कुड़माली भाषा के महान विद्वान विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह जेएलकेएम सिल्ली प्रखंड प्रभारी कृष्णा महतो, रतन महतो, भरत महतो आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस मौके पर आजसू पार्टी के क्षेत्र प्रभारी लक्ष्मण महतो, मुखिया कन्हैया करमाली, गणेश महतो, मो फारूक, चांद हुसैन, कृष्णा महतो, घासी राम महतो , देव फूल, भूषण, मनोरंजन मुंडा, मनोरंजन मुंडा, विकास महतो, त्रिभुवन, मुकेश, बज्र, कर्मा, दीपक, सत्या,संतोष मंडल, माथुर महतो बलराम, पहलू महतो, सागर, मो फारूक, चांद हुसैन, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सिल्ली कॉलेज में शोक सभा का आयोजन, दिवंगत पूर्व सचिव को दी श्रद्धांजलि



**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में कॉलेज सासी निकाय के पूर्व सचिव सोनाहातु के लांधुपडीह निवासी हरिराम महतो( 85) के निधन पर प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों ने दिवंगत हरिराम महतो को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट मौन धारण कर उनके आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। हरिराम महतो सिल्ली कॉलेज के संस्थापक सचिव एवं विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भी थे। बिते 19 फरवरी को उनकी आकस्मिक निधन हो गई। उनके निधन को सभी ने शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस मौके पर प्रो नकुल चंद्र महतो, प्रो हरेंद्र नाथ महतो,डॉ सुकल्याण महतो, अर्चना कोइरी, डॉ मनोज कुमार, प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो सावित्री बाला, श्यामल दे, सुमंत महतो, मंजुलता आदि उपस्थित थे।

## इटकी में मंच ने बांटे 15 स्ट्रीट लाइट, नालियों की कराई सफाई, मस्जिद को आरिफ रजा का 50,000 का अनुदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**इटकी।** पश्चिमी पंचायत के चांकबाड़ी में सोमवार को जन आंदोलन मंच ने अपनी निजी कोष से 15 स्ट्रीट लाइट और नालियों का व्यापक सफाई कराया। कार्यक्रम में प्रदेश युथ कांग्रेस के महासचिव आरिफ रजा ने मस्जिद-ए-बिलाल में शौचालय निर्माण के लिए 50,000 देने की घोषणा की। मौके पर आरिफ रजा ने कहा कि क्षेत्र और सभी जाति वर्ग के आम समस्याओ से निजात दिलाने का हम सभी का कर्त्तव्य



बनता है। इसके लिए समाज के संम्पन्न लोगों को आगे आने की जरूरत है। हम सभी की थोड़ी सी पहल से बड़ी सी बड़ी समस्या की हल की जा सकती है। मंच के अध्यक्ष मुतेर्जा आलम ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जन हित में कार्य कर लोगों को हर संभव सहयोग किया जायेगा। कार्यक्रम में झामुमो अध्यक्ष वसीम इकबाल, कलीम अंसारी, रिजवान सब्जी, गुलजार अंसारी, हाजी नसीम, जुबेर अंसारी, लाल बाबू, सोनू लाल, खान टुन्नु, रोहित अंसारी, निसार सहित दर्जणों ग्रामीण मौजूद थे।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ नेताजी सुभाष महोत्सव

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के डी मोड़ सुभाष चौक के समीप सोमवार को नेताजी सुभाष महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के प्रारंभ में अतिथियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया ।रांची के यासीन मस्ताना म्यूजिकल ग्रुप के साथ प्रसिद्ध नागपुरी गायक नीतिश कच्छप, सुमन गुप्ता, चित्रा देवी, अभिनाश नायक, मास्टर संजय ओर प्रसिद्ध डांसरों के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत से दर्शक झूम उठे। महोत्सव में भूतनाथ सिंह मुंडा, फणीभूषण सिंह मुंडा, रामदुर्लभ सिंह मुंडा, परदेशी महतो, दीनबंधु सिंह मुंडा, संजय महतो, दिलेश्वर कोइरी, दलेल चन्द महतो, राजू महतो, कृष्णा महतो, अश्विनी महतो, दलगोविंद महतो, कुलपति कारजी, शिवनाथ मछुवा, रामजी साहू, विशेश्वर साहू, नरेश महतो, धनु नाग, भजोहरी महतो, रोहित महतो, मनबोध महतो, बाशुदेव महतो, आदि मौजूद थे।

### गागी मोड़ के समीप खुला फैंसी मेन्स पार्लर



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पिठोरिया।** फैंसी मेन्स पार्लर का शुभारम्भ कांके रिंग रोड गागी मोड़ के समीप अजय काम्प्लेक्स मे किया गया। कांके उप प्रमुख अंजय बैठा ने पार्लर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में युवाओं की जरूरत को पूरा करने में फेंसी मेंस पार्लर सक्षम होगा। मौके पर उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि, पार्लर के संचालक शहंशाह भाई अपनी पूरी लगन और निष्ठा के साथ ग्राहकों को अपनी सेवा प्रदान करें। पार्लर की खासियत है कि यहां पर सभी तरह के आधुनिक तरीके से उपकरण मौजूद हैं। क्षेत्र में एक गुणवत्ता पूर्ण तरीके के पार्लर (सैलून) खुलने से लोगों को शहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

## रामगढ में 68.11 प्रतिशत हुआ मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका सह डीसी फैज अक अहमद मुमताज के मार्गदर्शन में नगर पालिका आम निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी गईं, जिससे मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस निर्वाचन में कुल 97,698 पंजीकृत मतदाताओं में से 66,542 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार कुल मतदान



प्रतिशत 68.11 रहा। मतदान के बाद विभिन्न मतदान केंद्रों से पोलिंग दल सुरक्षित रूप से लौटकर रामगढ़ महाविद्यालय स्थित रिसीविंग सेंटर पहुंच चुके हैं। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत मतदान सामग्रियों की विधिवत जमा प्रक्रिया संचालित की गई। पूरी प्राप्ति प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से जरूरी और व्यापक व्यवस्था की गई है।

# खूंटी नगर पंचायत में 64.02 फीसदी हुआ मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। अनुमानित रूप से लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह में मतदान शुरू होते ही सभी 30 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई केंद्रों पर मतदान शुरू होने से पहले ही लोग पहुंच गए थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रोनिटा, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो और चुनाव व्यय प्रेक्षक रश्मि लकड़ा ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। शाम चार बजे तक अधिकांश बूथों पर मतदाताओं की भीड़ बनी रही। चुनाव को लेकर सुबह से



ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला रहा। भाजपा समर्थित रानी टूटी, कांग्रेस समर्थित मनोनीत बोदरा और झामुमो समर्थित सोनम बागे के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। वहीं 19 वार्ड पार्षद पदों के लिए कुल 77 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

काफी समय बाद यह चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से कराया गया। इसके कारण कई मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में कठिनाई का सामना करना पड़ा। कुछ मतदाताओं ने मतपत्र पर अंगूठा लगा दिया, तो कुछ बिना मुहर लगाए ही मतपत्र बैलेट बॉक्स में डालते देखे गए। जानकारों का मानना है कि ऐसी स्थिति में कई मतपत्र रद्द होने की आशंका है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं और पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह दिखा। कुछ नए मतदाताओं ने कहा कि बैलेट पेपर से मतदान तो किया, लेकिन ईवीएम से मतदान ही बेहतर है। अध्यक्ष पद के तीनों उम्मीदवारों और वार्ड पार्षदों के 77 प्रत्याशियों की किस्मत अब मतपेटी में बंद हो चुकी है। 27 फरवरी को एफसीआई गोदाम में बनाए गए मतगणना केंद्र पर मतों की गिनती की जाएगी।

# संत निरंकारी मंडल ने चलाया सफाई अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** सिल्ली संत निरंकारी मंडली के द्वारा मुखी महात्मा शंभू नाथ नायक के नेतृत्व में सिल्ली साहेब बांध में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें निरंकारी मंडल के सेवादारों व स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।सभी ने मिलकर तालाब व आसपास के क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाया व प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उचित निस्तारण की व्यवस्था की। शंभू नाथ नायक ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ लोगों में




स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना व जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाना। जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखेंगे तो समाज में बीमारियों की रोकथाम संभव होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नियमित रूप से ऐसे अभियानों में भाग लें एवं अपने क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस कार्यक्रम में सभी सेवादारों का सराहनीय योगदान रहा।

# शहर की सरकार के लिए उमड़ा जनसैलाब

## सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला, कई मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें नजर आईं

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी सहित झारखंड के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में सोमवार को मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और कई मतदान केंद्रों पर महिला-पुरुषों की लंबी कतारें नजर आईं। राज्य निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। हालांकि, कुछ मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा, जिनके मतदान केंद्र पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में बदल गए थे। फिर भी लोगों का जोश कम नहीं हुआ और वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने बूथों तक पहुंचे।

**रांची में बढ़ा मतदान उत्साह :** रांची नगर निगम क्षेत्र से सकारात्मक संकेत मिले हैं। पिछले निकाय चुनाव में जहां कई केंद्रों पर 50 प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ था, वहीं इस बार कई बूथों पर लंबी कतारें दिखीं। युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने लोकतांत्रिक चेतना का उत्सव जैसा माहौल बना दिया।

### वार्ड 18 में कांग्रेस-झामुमो नेताओं के बीच नोकझोंक

रांची नगर निकाय चुनाव के दौरान सोमवार को वार्ड संख्या 18 के एक मतदान केंद्र पर उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता उर्फ छोटू



और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पार्षद प्रत्याशी सोमवीत माजी के बीच तीखी बहस हो गई। सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते बढ़ गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने तत्काल दोनों नेताओं को मतदान केंद्र से बाहर कराया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई और मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू कराई गई। इस घटना में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं के बीच भी कुछ देर तक तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस की सतर्कता से हालात नियंत्रण में रहे।

### वार्ड 24 में भी हुआ हंगामा

इसी बीच वार्ड नंबर 24 स्थित जामिया हुसैनिया मतदान केंद्र पर भी दो पक्षों के समर्थकों के बीच अचानक कहासुनी के बाद झड़प हो गई। वहां तैनात सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को अलग किया और सभी को मतदान केंद्र परिसर से बाहर निकाला। प्रशासन की ओर से बताया गया कि दोनों घटनाओं के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक मतदान जारी है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई, जिससे कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया मतदान

**रांची। झारखंड** की कृष, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को रांची नगर निगम चुनाव के तहत अपने मताधिकार का



प्रयोग किया। उन्होंने संत अजय मिडिल स्कूल, दहिसोत बनहोरा स्थित मतदान केंद्र संख्या छह पर पहुंचकर वोट डाला। मतदान के बाद मंत्री ने आम जनता से निकाय चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर की सरकार चुनने का यह एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक माध्यम है और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से लोकतंत्र के इस महापर्व में घरों से निकलकर मतदान करने का आान करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के लिए शिक्षित, अनुभवी और दूरदर्शी सोच रखने वाले ऐसे जनप्रतिनिधि का चयन करें, जो शहर को विकास की दिशा में आगे बढ़ा सके।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया मतदान लोगों को मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए दी बधाई



**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को हेहल स्थित काजू बागान के डीएवी स्कूल के मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान करने के बाद राजधानी रांची में विकास को लेकर आशान्वित आम जनता को घर से निकल कर मतदान करने के लिए बधाई दी। मौके पर उन्होंने पाया कि रांची के कई मतदान केंद्रों पर मतदान सूची में लोगों के नाम नहीं थे, जबकि कई मतदान केंद्रों पर लोगों के नाम में भी गड़बड़ी पाई गई। उन्होंने बताया कि कई ऐसे लोग हैं जो जिस वार्ड में वे निवास करते हैं उनका नाम दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित मतदान केंद्र में जोड़ दिया गया है।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने किया मतदान



**रांची।** नगर निकाय चुनाव के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने सेंट थॉमस स्थित बूथ नंबर 16 पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर मौजूद अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने आम मतदाताओं की तरह पंक्ति में लगकर मतदान किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### पूर्व मेयर रमा खलखो और डॉ. आशा लकड़ा ने किया मतदान





**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव के तहत सोमवार को पूर्व मेयर रमा खलखो और पूर्व मेयर एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। रमा खलखो ने रांची के लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, हिनू (एयरपोर्ट रोड) स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। वहीं डॉ. आशा लकड़ा ने लालपुर स्थित वार्ड संख्या 10 के होली क्रॉस पब्लिक स्कूल, वर्धमान कंपाउंड के कक्ष संख्या 03 में बने बूथ पर मतदान किया। मतदान के बाद डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान कर उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने अमूल्य वोट की ताकत को समझें और अपने मताधिकार का प्रयोग कर पारदर्शी एवं स्वच्छ प्रशासन, सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लें। नगर निगम चुनाव के तहत शहर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक रही और मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

## मेयर पद की भाजपा समर्थित उम्मीदवार रोशनी खलखो ने किया मतदान

**रांची।** रांची नगर निकाय चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित मेयर पद की उम्मीदवार रोशनी खलखो ने भी सोमवार को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में भाग लेना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। रोशनी खलखो ने उम्मीद जताई कि शहरवासी विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए सही प्रतिनिधि का चयन करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या दबाव से बचना चाहिए और मतदान प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए। इस अवसर पर उनके समर्थक और स्थानीय नागरिक भी मतदान केंद्र पर मौजूद रहे। मतदान के बाद उन्होंने उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि नगर निकाय चुनाव में



मेयर पद के लिए कुल 36 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

## बीआईटी के फायरबोल्ट रेसिंग क्लब ने 4×4 ऑल-टेरेन व्हीकल का किया प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बीआईटी, मेसरा के फायरबोल्ट रेसिंग क्लब ने परिसर में एक सम्मान एवं प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्लेब ने **4×4** ऑल-टेरेन व्हीकल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. सुदीप दास, छात्र मामलों के डीन डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, छात्र मामलों के एसोसिएट डीन डॉ. गौतम शांडिल्य, डीन ऑफ अंडरग्रेजुएट स्टडीज डॉ. गौतम शर्कील , कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन्स डॉ. ऋतेश कुमार सिंह तथा क्लब के फैकल्टी एडवाइजर डॉ. परितोष महता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टीम ने अपने द्वारा निर्मित 44 आईसी इंजन ऑल-टेरेन व्हीकल प्रस्तुत किया। क्लब के सदस्यों ने राष्ट्रीय स्तर की




प्रतियोगिता के लिए विकसित इस वाहन की डिजाइन प्रक्रिया, निर्माण के चरणों और तकनीकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने वाहन का अवलोकन किया। प्रतियोगिता से पूर्व छात्रों के साथ संवाद किया। टीम हैदराबाद में आयोजित होने वाली बाजा सेंडिया 2026 प्रतियोगिता में संस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार है।

### समाजसेवी और इलेक्शन यूथ आइकॉन डॉ. दीपक कुमार साहु ने किया प्रथम मतदान

**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समाजसेवी एवं इलेक्शन यूथ आइकॉन डॉ. दीपक कुमार साहु ने प्रत्येक चुनाव की तरह इस बार भी सबसे पहले मतदान कर नागरिकों




को मतदान के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि डॉ. दीपक कुमार साहु विगत कई वर्षों से मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाते आ रहे हैं। उनके द्वारा युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम,जनसंवाद एवं सोशल मीडिया अभियान संचालित किए जाते रहे हैं। उन्होंने मतदान के पश्चात कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। डॉ. साहु ने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लें और देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने की मुलाकात

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद सुदेश महतो की यह पहली भेंट थी। इस अवसर पर सुदेश महतो ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगा।

## एआई इम्पैक्ट समिट में रांची के बेटे ने सत्र का किया संचालन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बनाने वाले मेजर विनीत कुमार, ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे साइबरपीस के संस्थापक और ग्लोबल प्रेसिडेंट हैं।

रांची के रहने वाले मेजर विनीत कुमार ने ह्लरेस्पॉनिसबल ए आई एट स्केल : गवर्नेंस, इंटीग्रिटी एंड साइबर रेडीनेस फॉर ए चेंजिंग वर्ल्डह्व विषय पर सत्र का संचालन और नेतृत्व किया। साइबरपीस द्वारा आयोजित इस सत्र में सरकार,




तकनीकी कंपनियों, शिक्षा जगत और सिविल सोसाइटी से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस बात पर चर्चा की कि भारत अपने ए आई इकोसिस्टम को किस तरह जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ा सकता है।

सत्र की शुरूआत करते हुए विनीत कुमार ने कहा कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस केवल तेज होती तकनीक का सवाल नहीं है, बल्कि यह इस बात की परीक्षा है कि हम इसे रोजमर्रा की ज़िंदगी में कितनी समझदारी से अपनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि असली चुनौती ए आई को तेजी से अपनाने की नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित, निष्पक्ष और जिम्मेदार तरीके से इस्तेमाल करने की है।

## पटना की अर्चना गोस्वामी के धमाल पर झूमेंगे भक्त

**श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 27 को**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम संघ के तत्वावधान में 27 फरवरी को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में श्री श्याम फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के शुभ अवसर पर 401 श्याम भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। संस्था के अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया की प्रातः 7 बजे गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। निशान पूजा के मुख्य यजमान उमेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ निशान पूजन करेंगे। इसके बाद श्याम भक्तों द्वारा रंग बिरंगे निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

निशान शोभायात्रा अपर बाजार श्री राधा वल्लव मंदिर से जे जे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट,दत्ता ब्रदर्स, ईस्ट मार्केट रोड़, लोहिया चौक, कार्ट सराय रोड़, बंशीधर अडुकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे।



रात्रि 7 बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, भव्य रूप से सजाने का कार्य कोलकाता एवं रांची के माली द्वारा किया जा रहा है। रंग भरी सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। मुख्य यजमान विकास परसरामपुरिया अपने परिवार के साथ बाबा श्याम का अखंड ज्योत प्रज्वलित करेंगे। पटना की भजन गायिका अर्चना गोस्वामी के सुमधुर भजनों पर श्याम प्रेमी गोता लगाएंगे। बाबा के दरबार को एकादशी के अवसर पर सभी भक्त बाबा श्याम के साथ गुलाल, अबीर एवं फूलों की होली खेलेंगे।

रात में बाबा श्याम को महाप्रसाद खीर, चूरमा का भोग लगाया जाएगा। महाआरती, प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। संस्था के संरक्षक विष्णु लोहिया एवं अध्यक्ष कमलेश संचेती ने सभी श्याम प्रेमियों को फाल्गुन उत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनिल लोहिया, हरेंद्र अग्रवाल, मनोज काबरा, संजय सुरेका, आशीष अग्रवाल, सौरभ कटारुका, भगवती हेतमसरिया, विकास लोहिया, आकाश शर्मा, विनायक पोद्दार, रूपेश लोहिया, ललित शर्मा, प्रवीण मंगल, अभिषेक चौधरी, आदित्य हेतमसरिया के अलावा कई कार्यकर्ता योगदान दे रहे हैं।

## आज 62 दिव्यांगों को लगेगा हाथ,पुणे से पहुंचे विशेषज्ञ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी पहल के तहत रोटरी क्लब ऑफ रांची ने निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 24 फरवरी को रोटरी भवन में किया है। इस शिविर का उद्घाटन प्रातः 10.30 बजे मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। शिविर में लगभग 62 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। यह पूरी तरह निःशुल्क होगी।

क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार से भी मुलाकात करते हुए उनसे शिविर में पहुंचने का आग्रह किया गया है। राज्यपाल से मिलने वालों में अध्यक्ष के अलावा जशदीप सिंह, गिरीश अग्रवाल, प्रवीण राजगढ़िया शामिल थे।

असिस्टेंट गवर्नर रोटरी इमेज प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य उन लोगों को आधुनिक तकनीक की सहायता से नया जीवन देना है, जिन्होंने दुर्घटना, बीमारी या अन्य कारणों से अपना हाथ खो दिया है। इस शिविर में झारखंड, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से जरूरतमंद लोग पहुंच रहे हैं।

शिविर के लिए इनाली फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम पुणे से रांची पहुंच चुकी है। टीम लाभार्थियों की विस्तृत जांच, माप, परीक्षण और फिटिंग की पूरी प्रक्रिया आधुनिक उपकरणों की सहायता से सम्पन्न करेगी। प्रत्येक लाभार्थी की शारीरिक स्थिति के अनुरूप कृत्रिम हाथ तैयार कर लगाया जाएगा, ताकि उन्हें अधिकतम सुविधा और कार्यक्षमता मिल सके।

ये इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ आधुनिक सेंसर और मांसपेशीय संकेतों से संचालित तकनीक पर आधारित होते हैं। इनकी सहायता से उपयोगकर्ता वस्तुओं को पकड़ना, उठाना और कई दैनिक कार्य आसानी से कर सकते हैं। शिविर को सफल बनाने में क्लब के पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय हैं।

# आयुक्त कुमुद सहाय ने मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**पलामू एवं गढ़वा जिले के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने पलामू एवं गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से जायजा लिया। पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संस्कार एकेडमी, शाहपुर और राजकीय बालिका बुनियादी विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने मतदाताओं से सीधी बातचीत की। वहीं गढ़वा जिले में मध्य विद्यालय, टंडवा एवं आर.के. गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदाताओं के फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र एवं मतदाता पर्ची का अवलोकन किया। उन्होंने फर्स्ट टाइम वोटर, युवा मतदाता, महिला मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर मतदान प्रक्रिया से संबंधित अनुभव और जानकारी प्राप्त की। मतदाताओं ने शांतिपूर्ण एवं सुचारु मतदान व्यवस्था की जानकारी देते हुए संतोष व्यक्त किया। आयुक्त ने मतदान कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं कर्मियों से भी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारी-कर्मियों एवं सुरक्षाबलों को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी ढंग से मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होता हुआ पाया गया। मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे।

# लोहरदगा में हुआ भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में 68.72 प्रतिशत मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत लोहरदगा नगर परिषद अध्यक्ष और 23 वार्डो के वार्ड पार्षद के लिए 68.72 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। मतदान पेटी में 10 अध्यक्ष पद और 23 वार्डों के लिए लगभग 99 उम्मीदवारों की किस्मत मतदान पेटी में नोडल अधिकारी एवं उम्मीदवार के समक्ष सील कर दिया गया। नगर में निर्धारित समय प्रातः 7 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो कर करीब सात बजे तक चली। शुरूआती समय में नौ बजे तक मतदान प्रतिशत 11.40% और अपराह्न एक बजे तक मतों की प्रतिशत बढ़ कर 38.89% हो गया। दोपहर खाने के बाद बाद महिला मतदाताओं में भारी भीड़ देखने को मिली। तीन बजे तक मत प्रतिशत बढ़कर 52.87% हो गया।

नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के भाग संख्या दो में सुबह से ही लंबी लंबी लाइनों की कतार लगी थी। बैलेट पेपर द्वारा वोटिंग होने के कारण समय ज्यादा लगने से मतदाताओं को काफी परेशानियों का सामना करते देखा गया।

## संक्षिप्त

### दुर्घटना में एक की मौत


**पूर्वी सिंहभूम।** हाता, चाईबासा मुख्य मार्ग पर सोमवार तड़के करीब चार बजे एक सड़क दुर्घटना में 58 वर्षीय आनंद महतो की मौत हो गई। वे राजनगर प्रखंड के बोनकाटी टोला जोड़टाड़ के निवासी थे। बताया जा रहा है कि वे अपने बेटे मोहित को टाटानगर रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए स्कूटी से निकले थे। मोहित ऊटी में कार्यरत है और ड्यूटी पर लौटने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहा था। घटना हेंसल स्थित छोटानागपुर कॉलेज के समीप रितिका ढाबा के पास हुई। रास्ते में सड़क किनारे खड़ी एक हाईवा से उनकी स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आनंद महतो गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। उनके साथ बैठे बेटे को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आनंद महतो को मृत घोषित कर दिया। पिता की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि हादसे के बाद मोहित कुछ समय के लिए बेहोश हो गया था, हालांकि अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है।

### मूल धर्म सरना को करें सुसंगठित और मजबूत : सुखराम

**खूंटी।** धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातु में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति के तत्वावधान में 14 वां शाखा स्थापना दिवस सह सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरना स्थल में जेठा पहान, सनिका मुंडा, गोल्मा मुंडा और पांडु मुंडा के नेतृत्व में सिङबोंगा की विधिवत पूजा-पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा ने कहा कि धरती आबा ने जिस समृद्ध, संगठित और जागरूक समाज की परिकल्पना की थी, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने न केवल ब्रिटिश शासन के शोषण, जुल्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों, धार्मिक आडंबरों और अंधविश्वासों को दूर करने का भी प्रयास किया।

# पूर्वी सिंहभूम के मानगो, जुगसलाई और चाकुलिया में शांतिपूर्ण मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम में सोमवार को नगर निकाय चुनाव के तहत लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिल रहा है। मानगो में नगर निगम, जुगसलाई में नगर परिषद और चाकुलिया में नगर पंचायत के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी है।

जिला प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती के साथ संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

सुबह के शुरूआती घंटों में मतदान की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी रही। चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाताओं ने पहले उत्साह दिखाया, जहां शुरूआती चरण में ही 14 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।

मानगो नगर निगम क्षेत्र में शुरूआत धीमी रही और पहले चरण में करीब 8 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 11 प्रतिशत वोट पड़े। हालांकि समय बढ़ने के साथ तीनों क्षेत्रों में मतदान ने रफ्तार पकड़ ली।

दोपहर तक मानगो में मतदान प्रतिशत बढ़कर लगभग 19.5 प्रतिशत पहुंच गया। जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में भी मतदाताओं की सक्रियता बढ़ी और यहां 24 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। वहीं चाकुलिया नगर पंचायत में सबसे अधिक उत्साह देखने को मिला, जहां 33 प्रतिशत से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

जुगसलाई स्थित आरपी पटेल स्कूल मतदान केंद्र पर एक मतदाता द्वारा पुलिसकर्मी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाए जाने से कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया और मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से जारी रखा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी मतदाताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा।

सुबह के समय मुस्लिम बहुल इलाकों में मतदान केंद्रों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ देखी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, रमजान के कारण सहरी के बाद लोग विश्राम कर रहे थे, जिससे शुरूआती समय में मतदान धीमा रहा। हालांकि दोपहर बाद इन इलाकों में भी मतदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ी। डिमना रोड, दाईगुट्टू और गांधीनगर स्थित झंडा सिंह मध्य विद्यालय सहित कई बूथों पर महिलाओं और युवाओं की अच्छी भागीदारी देखी गई। जुगसलाई के गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र पर भी महिलाओं की लंबी कतारें उत्साह का संकेत दे रही थीं। कुल मिलाकर छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें, तो मानगो, जुगसलाई और चाकुलिया तीनों नगर निकाय क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है।

### बिशुनपुरा में विष्णु मंदिर की जलयात्रा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड अंतर्गत पोखरा चौक स्थित पलामू प्रमंडल की प्रसिद्ध शेष सैया श्री विष्णु मंदिर के 19वें वार्षिकोत्सव पर सोमवार को जलयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर लाल चौक, ब्लॉक मोड़ होते हुए थाना समीप सूर्य मंदिर स्थित बांकी नदी घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलश में पवित्र जल भरा। जल उठाने के दौरान घाट परिसर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इसके बाद यात्रा पुनः ब्लॉक मोड़, लाल चौक, बैंक मोड़, शंकर मोड़, चकचक मोड़, गांधी चौक, पुरानी बाजार एवं शिव चबूतरा होते हुए विष्णु मंदिर स्थित शिव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने शिव बाबा पर जल व पुष्प अर्पित कर मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। साथ ही भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूरे मार्ग में जय श्री विष्णु और हरि बोल के जयघोष, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों एवं भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर परिसर में जलयात्रा को लेकर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। बिशुनपुरा ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जल उठाने पहुंचे थे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से बिशुनपुरा थाना की ओर से पुख्ता व्यवस्था की गई थी। एएसआई मिंतुल्लाह खान अपने दल-बल के साथ पूरे मार्ग में मुस्तैद दिखे। पुलिस बल द्वारा यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी बखूबी निभाई गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारा और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मंदिर समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्री विष्णु मंदिर विकास समिति, बिशुनपुरा के अध्यक्ष नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश भंडारी, सचिव गौरी शंकर प्रसाद उर्फ दुदुन, उपसचिव प्रभु राम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव, बगवानी मंत्री कृष्णा ठाकुर, सूचना मंत्री सच्चिदानंद गुप्ता, सदस्य श्याम लाल गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, शिवकुमार ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर उर्फ छुन्नु, भोलानाथ साहू, पृथ्वीनाथ पाल, मक्खन पासवान, योगेश्वर राम, संजय चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, श्याम सुंदर राम शामिल रहे। इसके अलावा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण कुमार यादव, बीडीसी प्रतिनिधि भुनेश्वर राम, समाजसेवी बलराम पासवान, अशोक कुमार मेहता, मुकेश कुमार, हिमांशु ठाकुर उर्फ गोलू, ज्वाला मेहता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से आयोजन भव्य रूप ले सका।

## उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और वन प्रमंडल पदाधिकारी ने किया मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** नगरपालिका निर्वाचन के तहत निर्धारित मतदान तिथि 23 फरवरी 2026 को कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न हो रहा है। इस क्रम में कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत उपायुक्त ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। उपायुक्त ऋतुराज ने वार्ड संख्या 12, दजीचक स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। वहीं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने वार्ड संख्या 1, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा स्थित मतदान केंद्र में अपना मत डाला।मतदान के बाद उपायुक्त ने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकार एवं कर्तव्य है। सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचें और अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चतरा।** नगर परिषद आम निर्वाचन के शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चल रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधाओं तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं से संवाद कर उन्हें निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं एवं सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

## खदान को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया आंदोलन, 75 प्रतिशत स्थानीय रोजगार की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित सारंडा क्षेत्र की रांजाबुरु खदान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आंदोलन तेज हो गया है। सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे दस गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष खदान परिसर पहुंचे और कार्य बंद करा दिया। आंदोलन सारंडा विकास समिति, जामकुंडिया-दुईया के बैनर तले चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान का संचालन बिना ग्राम सभा की अनुमति और पारंपरिक मानकी-मुंडा व्यवस्था की सहमति के शुरू किया गया तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई। इससे पहले 21 फरवरी को दुईया पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने की। बैठक में गंगदा पंचायत के मुखिया राजू शांडिल, विभिन्न गांवों के मुंडा, डकुआ, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, खदान का विरोध जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि रांजाबुरु खदान का संचालन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) से संबद्ध ठेका कंपनी द्वारा किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश मजदूर बाहरी क्षेत्रों से लाए गए हैं। क्षेत्र के प्रशिक्षित चालक, ऑपरेटर और मजदूरों की अनदेखी किए जाने पर आक्रोश बढ़ा है। आंदोलनकारियों ने मांग की है कि कम से कम 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाए। फिलहाल खदान का काम बंद है और प्रशासन के समक्ष बातचीत चल रही है।

### प्लेटफॉर्म पर लावारिस हालात में बियर से भरा बैग पुलिस ने किया जब्त



**धनबाद।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पोस्ट स्तर पर गठित स्पेशल टास्क टीम के उ०नि० कुन्दन कुमार साथ स्टाफ गश्त व निगरानी के क्रम में धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म सं 02-03 के हावड़ा छोड़ के पास दो पिट्ठू बैग लावारिस हालत मे रखा हुआ पाया गया। उक्त दोनों पिट्ठू बैग को चेक करने पर 54 अदद बियर केन प्रत्येक की मात्रा 500 एमएल, प्रत्येक का मूल्य ?110 बरामद हुआ। इसे नियमानुसार जब्त किया गया। सभी बियर केन पर फॉर सेल इन वेस्ट1 बंगाल ओनली लिखा हुआ पाया गया। जब्त अंग्रेजी शराब को अग्रिम कारवाई के लिए उत्पाद विभाग, धनबाद को सुपुर्द करने की प्रक्रिया की जा रही हैं।

**मतदान केंद्र पर हंगामा, पत्रकार से दुर्व्यवहार का आरोप**

# वार्ड 17 के सेंट्रल पब्लिक स्कूल बूथ पर प्रशासनिक गड़बड़ी से मचा बवाल

**बीएलओ हटने से डेढ़ घंटे बाधित रही वोटिंग**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सरायकेला।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल मतदान केंद्र पर सोमवार को प्रशासनिक अव्यवस्था और हंगामे की घटना सामने आई। मतदान प्रक्रिया के दौरान कथित गड़बड़ी को उजागर करने पहुंचे एक स्थानीय पत्रकार को प्रत्याशी बॉबी सिंह और उनके समर्थकों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। आरोप है कि बॉबी सिंह करीब दो दर्जन महिला-पुरुष समर्थकों के साथ मतदान केंद्र के भीतर प्रवेश कर गए और पत्रकार को एक खास प्रत्याशी का प्रचारक बताकर सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। इस दौरान अमर्यादित भाषा के प्रयोग का भी आरोप है। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया।

बताया जाता है कि मतदान केंद्र और उसकी सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू थी। पत्रकार के पास समाचार संकलन का वैध परिचय पत्र भी मौजूद था। बीएलओ पर पक्षपात का आरोप, हटाए जाने के बाद सूची लेकर गए।

जानकारी के अनुसार वार्ड 17 के लिए सेंट्रल पब्लिक स्कूल परिसर में कुल पांच बूथ बनाए गए थे। बूथ संख्या 124 पर बीएलओ के रूप में सत्यम भारद्वाज की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जो नगर निगम के संविदा कर्मी होने के साथ इसी वार्ड के निवासी भी हैं। मतदान के दौरान कई मतदाता पर्ची लेकर केंद्र पहुंचे, लेकिन उपलब्ध मतदाता सूची से उनका मिलान नहीं हो पा रहा था। सूची और पर्ची में अंतर के कारण कई मतदाताओं को बिना मतदान किए लौटना पड़ा।

मतदाताओं ने बीएलओ से शिकायत की। आरोप है कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें एक खास प्रत्याशी के साथ देखा गया था, जिससे कुछ मतदाता असहज थे। शिकायत सामने आने पर उपायुक्त ने तत्काल प्रभाव से संबंधित बीएलओ को बूथ से हटाने का निर्देश दिया।

# कोडरमा जिले के तीन नगर निकाय में 114 बूथों पर डाले गये वोट

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** जिले के तीन नगर निकाय झुमरीतिलैया नगर परिषद, कोडरमा और डोमचांच नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के लिए सोमवार को वोट डाले जा रहे हैं। जिले के तीन नगर निकाय में कुल 114 बूथ बनाये गए हैं, वहीं कुल वोटर 113928 हैं। मॉक पोलिंग के बाद मतदान शुरू हुआ और कई मतदान केंद्रों पर सुबह ही लम्बी लाइन देखी गयी। नगर परिषद झुमरीतिलैया में अध्यक्ष के 16, कोडरमा में 13 और डोमचांच में अध्यक्ष के 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं तीनों निकायों में वार्ड पार्षद के लिए 266 उम्मीदवार चुनाव में हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज के अनुसार तीनों शहरी क्षेत्रों में 32 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर महिला मतदाताओं की सुविधा के लिए महिला मतदान पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा और सीता सुखानी विद्यालय झुमरीतिलैया को मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया है। इन पर विशेष सजावट और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# मेदिनीनगर में डीआईजी, डीसी और एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जारी नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) कौशल किशोर, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। तीनों पदाधिकारियों ने वार्ड संख्या 6 अंतर्गत राजकीय नव प्राथमिक विद्यालय कचरवा स्थित बूथ संख्या 3 और 4, वार्ड 5 के बूथ संख्या 2 एवं 3 (राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बहलोलवा) तथा वार्ड 5 के ही बूथ संख्या 1 (राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पोखरखुर्द) पहुंचकर मतदान व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और मतदाताओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वार्ड 31 के मतदान केंद्र संख्या 3 पर अनावश्यक रूप से जमा भीड़ को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल हटवाया, जिससे शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित हो सका। कुछ मतदान केंद्रों पर मतदान कक्ष के अंदर दो व्यक्तियों द्वारा एक साथ मतदान करने की शिकायतें प्राप्त हुईं, जिससे गुप्त मतदान प्रभावित हो रहा था। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदाता अलग-अलग और गोपनीय तरीके से ही मतदान करें। इसके अतिरिक्त वार्ड 27 में उपायुक्त ने मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुचारू एवं तीव्र गति से संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जुगसलाई में क्रॉस सपोर्ट बयान पर कांग्रेस की कार्रवाई, अभिजीत सिंह निष्कासित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** नगरपालिका चुनाव के दौरान जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में सामने आए क्रॉस सपोर्ट के बयान को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जिला अध्यक्ष परिविंदर सिंह ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी इंदु देवी के समर्थन में मतदान करने के बयान पर कांग्रेस नेता अभिजीत सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले की समीक्षा के बाद इस घटनाक्रम को गंभीर संगठनात्मक उल्लंघन माना गया। चुनाव जैसे संवेदनशील समय में विरोधी दल के पक्ष में समर्थन का बयान पार्टी की आधिकारिक नीति के विरुद्ध है और यह संगठन के प्रति खुली अविश्वसनीयता एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। पार्टी नेतृत्व ने अभिजीत सिंह की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए इसे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से संगठन विरोधी गतिविधि की श्रेणी में रखा है। परिविंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी अपने सिद्धांतों और अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त

### प्रोजेक्ट उल्लास शिविर में 65 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में सोमवार को प्रोजेक्ट उल्लास के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क मिर्गी जांच और उपचार शिविर के तीसरे दिन सोमवार को 65 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संदिग्ध मरीजों को विस्तृत परामर्श दिया और आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराईं। यह शिविर एम्स, नई दिल्ली के विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। पोटका प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हरिणा और हल्दीपोखर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। जांच के दौरान मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन कर उन्हें आगे की उपचार प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन की पहल पर मिर्गी रोगियों की पहचान, उपचार और दवा वितरण के उद्देश्य से यह अभियान सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति इस विशेष अभियान का संचालन कर रही है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में अगला शिविर लगाया जाएगा। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील किया कि मिर्गी के लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हें शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को समय पर समुचित इलाज मिल सके।

### रिसिविंग सेंटर सह वज्रगृह का डीसी ने किया निरीक्षण

**बोकारो।** नगरपालिका चुनाव की गिनती की तैयारियों को लेकर सोमवार को चास स्थित बाजार समिति परिसर में बनाए गए रिसिविंग सेंटर सह वज्रगृह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अजय नाथ झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार और अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों-कर्मियों को जरूरी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतपेटियों (बैलेट बॉक्स) की रिसिविंग प्रक्रिया की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीठासीन पदाधिकारियों की ओर से जमा किए जाने वाले सभी प्रपत्र और इनवेलप निर्धारित सुरक्षित बक्सों में सही तरीके से रखे जाएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या अव्यवस्था न हो।

# नगर पालिका चुनाव : चाईबासा में 61.05 और चक्रधरपुर में 57.95 प्रतिशत मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले में सोमवार को नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखने को मिलीं और शाम पांच बजे तक निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 05 बजे तक चक्रधरपुर नगरपरिषद (खण्ड-ख) में 57.95 प्रतिशत और चाईबासा नगरपरिषद (खण्ड-ख) में 61.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

दिनभर मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करते रहे ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। कहीं से भी किसी बड़ी गड़बड़ी या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।


महिला, युवा और बुजुर्ग मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कई केंद्रों पर दोपहर बाद भी लंबी कतारें लगी रहीं। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। प्रशासन की ओर से दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर और रैंप की व्यवस्था की गई थी। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच वज्रगृह (स्ट्रॉन्ग रूम) तक पहुंचाया जा रहा है। वज्रगृह में सीसीटीवी निगरानी और त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतपेटियों को सील कर सुरक्षित रखा जाएगा। प्रत्याशियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है और मतगणना 27 फरवरी को की जाएगी। मतगणना को लेकर भी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रशासन ने मतदाताओं, सुरक्षाकर्मियों और चुनावकर्मियों का आभार व्यक्त किया है।

## पूर्वी सिंहभूम : कदमा में मंदिर की दान पेटी से चोरी का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर रोड नंबर 6 के श्री श्री शिव-हनुमान मंदिर से दान पेटी चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कदमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 11,976 रुपये बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लक्ष्मण जोगी उर्फ बप्पी जोगी के रूप में हुई है, जो कदमा रोड नंबर 6 का निवासी है। सोमवार को थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि 22 फरवरी की रात मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान फुटेज में लक्ष्मण जोगी की संदिग्ध गतिविधियां सामने आईं। इसके आधार पर पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की, जहां वह चोरी की रकम गिनते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने दान पेटी से नकदी चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार, आरोपित नशे का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया। उस पर पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहने का संदेह है। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

## चालक ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के शेषनगर में रविवार रात एक डंपर चालक ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान शेषनगर निवासी अश्वनी कुमार (27) के रूप में हुई है, जो पेशे से डंपर चालक था और अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चे के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार रविवार रात अश्वनी ने परिवार के साथ सामान्य रूप से भोजन किया और फिर सभी लोग सोने चले गए। देर रात वह चुपचाप उठा और दूसरे कमरे में जाकर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी की नींद खुली तो उसने अश्वनी को बिस्तर पर नहीं पाया। तलाश करने पर वह दूसरे कमरे में फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही पत्नी चीख पड़ी, जिसकी आवाज सुनकर परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से अश्वनी को नीचे उतारकर तत्काल एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## जामताड़ा में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने किया मतदान

**जामताड़ा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने जामताड़ा नगर निकाय चुनाव के तहत सोमवार को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया और लोकतांत्रिक परंपरा का निर्वहन किया। मतदान के बाद उन्होंने आम नागरिकों से निकाय चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। मंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव स्थानीय विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रत्येक मतदाता की भागीदारी से ही मजबूत एवं जवाबदेह स्थानीय सरकार का गठन संभव है। उन्होंने सफलतापूर्वक निकाय चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की सराहना की। साथ ही कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। मंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

# पलामू में 64.1 प्रतिशत मतदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 सोमवार को पलामू जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। निर्धारित समय शाम 5 बजे तक 64.1 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में सबसे अधिक पांच नगर निकायों के लिए वोट डाले गए। मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर पर्षद, हुसैनाबाद, हरिहरगंज और छतरपुर नगर पंचायत के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से शुरू है। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह का माहौल रहा। वे अपने फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र दिखाकर मतदान करते हुए नजर आए। छतरपुर में सबसे अधिक 68.45, मेदिनीनगर में सबसे कम 58.46, विश्रामपुर में 67.85, हरिहरगंज में 65.24 और हुसैनाबाद में 60.03 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस. एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर शाम 6 बजे सभी मतदाताओं, टीम में शामिल पदाधिकारियों का आभार जताया है एवं बेहतर टीम वर्क बताया है। कहा कि सभी के सहयोग से ही लोकतंत्र के महापर्व का सुखद समापन किया गया। सभी मतपेटियों को सुरक्षित वज्रगृह लाया गया एवं सील कर सुरक्षित रख दिया गया है। 27 फरवरी को मतगणना होगी। जिले में 246 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। 231970 में से 1 लाख 48 हजार 692 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। मेदिनीनगर नगर निगम में महापौर पद के लिए 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। इसी तरह विश्रामपुर नगर परिषद अध्यक्ष पद के 21, हुसैनाबाद अध्यक्ष पद के 7, छतरपुर अध्यक्ष पद के 24, हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के 10 उम्मीदवारों व पार्षद पद सहित कुल 724 उम्मीदवारों की किस्तम बैलेट बाक्स में बंद हो गई है।

# सिंह मेंशन समर्थक और पृथ्वी मेंशन समर्थकों के बीच हुए झगड़े में कई घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव के अंतिम समय मे झरिया सिंह नगर स्थित वार्ड 35 के बूथ 8 में सिंह मेंशन और पृथ्वी मेंशन समर्थक आपस मे भिड़ गए। दोनों ओर के समर्थकों में जमकर लाठी-डंडा चला। देखते ही देखते मतदान केंद्र रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। उल्लेखनीय है कि पृथ्वी मेंशन से मेयर प्रत्याशी इंदु सिंह हैं जबकि सिंह मेंशन से पूर्व विधायक संजीव सिंह मैदान में हैं। घटना में सिंह मेंशन के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। मारपीट में घायल रोहित कुमार से मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह ने मिलकर सुरक्षा का आश्वासन दिया और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई को लेकर आलाधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। घटना की सूचना पर संजीव सिंह, इंदु सिंह की बहू आसानी सिंह, बेटी संध्या सिंह अपने घायल समर्थकों का हाल लेने मौके पर पहुंचे। दोनों पक्ष एक दूसरे पर एफआईआर करने की बात कह रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पृथ्वी मेंशन समर्थक से भी आधा दर्जन लोग हुए घायल हुए हैं।

# पवन हत्याकांड में पिता-पुत्र गिरफ्तार, प्रेम-प्रसंग में पीट-पीटकर हुई थी हत्या

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव के तेलियाही टोले में मुरमा के पवन कुमार की हत्या प्रेम प्रसंग में पीट पीट कर हुई थी। मामले को बैटरी चोरी साबित करने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस अनुसंधान में प्रेम प्रसंग में हत्या सामने आया। इस सिलसिले में दो आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि की। एसपी के अनुसार पवन कुमार अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए कोकरसा गांव के तेलियाही टोले में गया था। घर के लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बाद में गुमराह करने के लिए घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी के प्रयास की सूचना फैला दी। आसपास के लोगों ने भी मौके पर जुट कर पवन की पिटाई की। गंभीर रूप से जख्मी पवन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अनुसंधान के क्रम में सामने आया कि पवन कुमार पारस मेहता के घर किसी लड़की से मिलने गया था। जानकारी होने पर पवन को घर के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हाथ पैर बांधकर पिटाई की गई और चोरी का आरोप लगाया गया। पूछताछ के क्रम में पारस ने स्वीकार किया कि 21 फरवरी की रात में पवन कुमार चोरी छिपे उसके घर आया था और इसी क्रम में उसे पकड़कर पिटायी की गई और घटना को चोरी साबित करने की कोशिश की गयी। गिरफ्तार आरोपितों में पारस महतो उर्फ पारस मेहता (37) और उसके पिता वीरेंद्र मेहता (60) शामिल है। घटना में प्रयोग लाठी एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतक पवन घर का इकलौता बेटा था। वह ड्राइवर का काम करता था।

# धरती पर आने-जाने के बीच किए गए कार्य ही बनाते हैं स्मरणीय : अर्जुन मुंडा

**चंपाबाहा में पारंपरिक विधि विधान से हुई दिवंगत सानिका पाहन की पत्थलगड़ी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** सरना समाज के अगुआ और आजीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे दिवंगत सनिका पाहन की स्मृति में सोमवार को तोरपा प्रखंड के चंपाबाहा में पारंपरिक विधि विधान से पत्थलगड़ी की गई है। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। पत्थलगड़ी कार्यक्रम के दौरान सिंग बोंगा का आह्वान कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ चंपाबहा गांव पहुंचे और पत्थलगड़ी स्थल पर पूजा में भाग लिया। उन्होंने संस्मरण पत्थर पर आम के पल्लव से अभिषेक किया तथा चावल अर्पित कर दिवंगत सनिका पाहन को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि सनिका पाहन सरना समाज के सशक्त अगुआ थे और उन्होंने जीवन भर समाज सेवा के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि सरना धर्म आदि धर्म है और सानिका पाहन ने समाज की जागृति के लिए निरंतर प्रयास किए। 'जो व्यक्ति इस धरती पर आता है, उसका जाना निश्चित है,लेकिन धरती पर आने और जाने के बीच किए गए कार्य ही उसे स्मरणीय बनाते हैं'। उन्होंने कहा कि समाज सेवक के रूप में सनिका पाहन को लोग सदैव याद रखेंगे। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, दीपक तिग्गा, प्रताप मुंडा, रेड़ा मुंडा, सीताराम मुंडा, संतोष जायसवाल, अजीत तोपनो, पूरेन्द्र मांझी, गंदौरी गुड़िया, पूनम भेंगरा, विमला डोडराय, प्रिया मुंडा, विजय मुंडा, गुडू मिश्रा, दुलार मुंडा, सुशीला कंडुलना, नीरज पाढ़ी, केशव कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बिहार की महिला का शव रेलवे लाइन से बरामद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेल मंडल अंतर्गत बीडी सेक्शन के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरा गांव के समीप रेलवे पटरी पर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना पोल संख्या 360/09ए के पास घाटी क्षेत्र में हुई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर जपला आरपीएफ पोस्ट एवं हैदरनगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने सोमवार शाम बताया कि प्रारंभ में महिला की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में उसकी शिनाख्त बिहार के रोहतास जिला के नासरीगंज के पटरी गांव की निवासी 32 वर्षीया सुषमा देवी के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार सुषमा मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और परिवार के सदस्यों के साथ देवी धाम में झाड़-फूंक व इलाज कराने आई थी। इसी दौरान मौका देखकर वह परिजनों को छोड़ रेलवे ट्रैक की ओर भाग गई, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी दी कि सुषमा देवी नामक महिला परिजनों के साथ हैदरनगर देवी धाम आयी थी। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रात्रि में किसी तरह परिजनों को छोड़ कर निकल गई और हादसे का शिकार हो गई।

## संपादकीय

### लग्जरी कारों का गुरूर

पुणे की बहुचर्चित घटना ने देश को झकझोर दिया था। नाबालिग द्वारा तेज रफ्तार लग्जरी कार चलाते हुए निर्दोष लोगों की जान लेना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस मानसिकता का आईना था जिसमें दौलत कानून से ऊपर समझी जाती है। यह मामला अकेला नहीं है। दिल्ली-एनसीआर से लेकर कानपुर और अन्य महानगरों तक, अमीर परिवारों के किशोरों द्वारा बिना लाइसेंस, नशे में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। इन मामलों में एक चिंताजनक समानता दिखती है-बच्चों को महंगी कारें ह्यस्टेटस सिंबलह्व के तौर पर दी जाती हैं, ड्राइवर उन्हें गैरकानूनी रूप से गाड़ी चलाना सिखाते हैं, और जब हादसा होता है तो कानूनी बचाव की पूरी मशीनरी सक्रिय हो जाती है। कई बार निजी सुरक्षा गार्ड या ड्राइवर को ह्यबलि का बकराह्व बनाने की कोशिश की जाती है। कानपुर के एक चर्चित कारोबारी के बेटे का मामला, जिसमें ड्राइवर सीट से उसे हटाते हुए निजी सुरक्षाकर्मी दिखे, इसी संस्कृति की झलक देता है। समस्या केवल रैश ड्राइविंग नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी है। जब माता-पिता अपने प्रभाव और संपत्ति के दम पर कानून को मोड़ने की कोशिश करते हैं, तो बच्चों में यह संदेश जाता है कि नियम तोड़ना भी ह्यविशेषाधिकारह्व है। यही मानसिकता आगे चलकर समाज के लिए घातक बनती है। अब समय आ गया है कि कानून का भय और जिम्मेदारी-दोनों को समान रूप से लागू किया जाए। कुछ ठोस कदमों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। ऐसे मामलों में एएसपी या एसडीपीओ स्तर के अधिकारी का तुरंत घटनास्थल पर पहुंचना अनिवार्य हो। इससे स्थानीय स्तर पर प्रभाव के इस्तेमाल की संभावना घटेगी। यदि नाबालिग बिना लाइसेंस गाड़ी चलाते पकड़ा जाए या दुर्घटना करे, तो माता-पिता पर दंडात्मक कार्रवाई अनिवार्य हो-भारी जुमार्ना, लाइसेंस निलंबन और अनिवार्य ट्रैफिक जागरूकता वर्कशॉप। मजिस्ट्रेट को अधिकार हो कि वे दोषी नाबालिग और उसके माता-पिता को निर्धारित अवधि के लिए ट्रैफिक प्रशिक्षण संस्थान में भाग लेने का आदेश दें, जहाँ कानून और नागरिक जिम्मेदारी की शिक्षा दी जाए। किसी भी हादसे में ड्राइवर को जबरन दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पर सख्त रोक हो। जाँच निष्पक्ष और तकनीकी साक्ष्यों (सीसीटीवी, फॉरेंसिक) पर आधारित हो। खतरनाक ड्राइविंग के वीडियो बनाना और पोस्ट करना भी अपराध की श्रेणी में माना जाए, क्योंकि यह गैरजिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करता है।

# राज्यसभा 2026: कौन साधेगा बहुमत का संतुलन?

**कमलेश पांडे**

चिरंजीवी सदन राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए वर्ष 2026 में विभिन्न चरणों में खाली होने वाली कुल 71-75 सीटें के लिए चुनाव होंगे, जो पूरे वर्ष अप्रैल और नवंबर में भरी जाएंगी। लिहाजा, इन चुनावों के राजनीतिक मायने गहन व अहम हैं, क्योंकि ये चुनाव जहां एनडीए की बहुमत मजबूती बढ़ा सकते हैं, वहीं विपक्ष को भी कमजोर कर सकते हैं। इससे भाजपा व उसके साथियों का चुनावी हौसला बढ़ेगा। जहां तक इनकी प्रमुख तारीखों की बात है तो चुनाव आयोग ने पहले चरण में 10 राज्यों की 37 सीटों पर चुनाव घोषित किए हैं। जिसके लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी, नामांकन 5 मार्च तक, और मतदान-मतगणना 16 मार्च 2026 को। जबकि बाकी सीटें नवंबर में भरी जाएंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटें सबसे महत्वपूर्ण हैं। इन दस चुनावी राज्यों में से 6 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जबकि 4 राज्यों में इंडी गठबंधन के घटक दल सरकार में हैं। जहां तक राज्यवार सीटों की बात है कि पहले चरण में महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6, पश्चिम बंगाल की 5, बिहार की 5, ओडिशा की 4, असम की 3, हरियाणा की 2 और छत्तीसगढ़ की 1 सीटें शामिल हैं, जबकि दूसरे चरण में उत्तरप्रदेश की 10 और झारखंड, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना आदि की 20 से अधिक सीटों के लिए नवम्बर में चुनाव होंगे।

जहां तक उच्च सदन राज्यसभा में वर्तमान दलगत स्थिति की बात है तो राज्यसभा में कुल 245 सीटें हैं, जहां भाजपा के 103 और एनडीए के 121-129 सांसद हैं। जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 78-80 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के 27 सांसद हैं। जहां तक इन चुनावों के राजनीतिक प्रभाव की बात है तो इन चुनावों में एनडीए को 7-9 या इससे अधिक सीटों का लाभ मिलने का अनुमान है, जिससे उनकी संख्या 145 तक पहुंच सकती है। जबकि विपक्ष को 5 सीटें खोने का खतरा, खासकर बिहार, महाराष्ट्र में है। इससे भाजपा को राज्यसभा में अब कोई भी विधेयक पास करना आसान होगा और सुपरमेजॉरिटी की ओर बढ़त भी उसे मिलेगी। सवाल है कि इन चुनावों में एनडीए को कितनी सीटें मिलने की संभावना है तो राजनीतिक विश्लेषकों को अनुमान है कि एनडीए को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 48 या इससे अधिक सीटें मिलने की संभावना है, जिससे उनकी ताकत 129 से बढ़कर 140+ हो सकती है। पहले चरण के 37 सीटों पर 5-7 का लाभ अनुमानित है, जबकि उत्तर प्रदेश जैसे बाद के चरणों से भी उसे अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 71-75 खाली सीटों में से एनडीए को नेट 7-9 या 48 सीटें हासिल हो सकती हैं। चूंकि वर्तमान में एनडीए के 121-129 सदस्य हैं, इसलिए चुनाव बाद 145 तक पहुंचने की उम्मीद है। वहीं बाद के जून-नवम्बर वाले दूसरे चरणों के प्रभाव की बात है तो वे भी स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश की 10 सीटों में भाजपा को 7-8 मिलनी संभावित है, जबकि ओडिशा, तेलंगाना आदि में स्थिरतामिलेगी।, कुल



> *जहां तक उच्च सदन राज्यसभा में वर्तमान दलगत स्थिति की बात है तो राज्यसभा में कुल 245 सीटें हैं, जहां भाजपा के 103 और एनडीए के 121-129 सांसद हैं। जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 78-80 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के 27 सांसद हैं। जहां तक इन चुनावों के राजनीतिक प्रभाव की बात है तो इन चुनावों में एनडीए को 7-9 या इससे अधिक सीटों का लाभ मिलने का अनुमान है, जिससे उनकी संख्या 145 तक पहुंच सकती है। जबकि विपक्ष को 5 सीटें खोने का खतरा, खासकर बिहार, महाराष्ट्र में है। इससे भाजपा को राज्यसभा में अब कोई भी विधेयक पास करना आसान होगा और सुपरमेजॉरिटी की ओर बढ़त भी उसे मिलेगी। सवाल है कि इन चुनावों में एनडीए को कितनी सीटें मिलने की संभावना है तो राजनीतिक विश्लेषकों को अनुमान है कि एनडीए को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 48 या इससे अधिक सीटें मिलने की संभावना है, जिससे उनकी ताकत 129 से बढ़कर 140+ हो सकती है। पहले चरण के 37 सीटों पर 5-7 का लाभ अनुमानित है, जबकि उत्तर प्रदेश जैसे बाद के चरणों से भी उसे अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 71-75 खाली सीटों में से एनडीए को नेट 7-9 या 48 सीटें हासिल हो सकती हैं।*

मिलाकर सुपरमेजॉरिटी (123+) पक्की होगी। जबकि विपक्ष को 5 नुकसान होगा। जहां तक इन चुनावों में इंडिया गठबंधन को कितनी सीटें मिलने की बात हैं तो इंडिया गठबंधन को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 71-75 सीटों में से नेट 5 का नुकसान हो सकता है, जिससे उनकी संख्या 80 से घटकर 75 रह जाएगी। पहले चरण के 37 सीटों पर भी नुकसान की स्थिति बनी हुई है, हालांकि कुछ राज्यों में स्थिरता संभव है। विश्लेषकों के अनुसार, इंडिया ब्लॉक वर्तमान 80 सीटों से 75 पर सिमट सकता है। कांग्रेस को विशेष रूप से 8 सीटें खोने का खतरा, जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे, दिग्विजय सिंह की सीटें भी शामिल हैं। वहीं बाद के चरणों का प्रभाव भी उसपर पड़ेगा। क्योंकि उत्तर प्रदेश की 10 सीटें में से सपा को 2-3 मिलनी संभावित हैं, लेकिन कुल नुकसान होगा। जबकि कर्नाटक, झारखंड में 1-1 सीटों का नुकसान संभव है। ओवरऑल, एनडीए के लाभ से इंडिया कमजोर होगा। जहां तक राज्यवार स्थिति की बात है तो बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों के लिए चुनाव होगा। अभी आरजेडी के 2, जेडीयू के 2 और एक सांसद राष्ट्रीय लोक मोर्चा का है। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा में एक सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं और एनडीए के खाते में 4 सीटें सुनिश्चित हैं, जबकि 5 के लिए जोर आजमाइश बढ़ेगी। यदि पूरा विपक्ष एकजुट होता है तो बिहार में विपक्ष के पास कुल 41 विधायक हो जाते हैं और विपक्ष एक सीट निकाल सकते हैं। ऐसे में यह चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व और विपक्षी एकता की के लिए अग्निपरीक्षा होगा।

वहीं महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व में सत्तारूढ़ महायुति आसानी से 6 सीटों पर जीत हासिल कर लेगा, वहीं 7वीं सीट के लिए वोटिंग हो सकती है। इसलिए महाराष्ट्र की राजनीतिक के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार का संसदीय सफर थम सकता है। जबकि हरियाणा से बीजेपी के दो सदस्य किरण चौधरी और रामचंद्र जांगरा का कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। इसी प्रकार ओडिशा की 4 सीटों पर चुनाव होंगे, जहां अभी 2 सीट बीजेपी और 2 बीजेडी के पास है लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो बीजेपी की सीटों में इजाफा होना तय है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में दोनों सीटें अभी कांग्रेस के पास हैं और यहां भी बीजेपी जीत दर्ज करने की स्थिति में है। रही बात तेलंगाना की तो वहां से कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी रिटायर हो रहे हैं और बीआरएस के एक कैंडिडेट का कार्यकाल पूरा हो रहा है। तेलंगाना में काग्रेस दोनों सीटें जीत सकती है और हिमाचल में भी काग्रेस एक सीट जीत सकती है। असम से तीन पश्चिम बंगाल से 5 और तमिलनाडु से भी 6 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। चूंकि इन तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों के पास राज्यसभा में अपना संख्याबल कायम रखने का मौका मिलेगा।

यही वजह है कि क्रॉस वोटिंग से निपटने की चुनौती विपक्ष के सामने रहेगी। क्योंकि राज्यसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के लिए अपने अपने विधायको को एकजुट रखने की चुनौती हमेशा होती है। पिछले कुछ राज्यसभा चुनावों को देखें तो हरियाणा में कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा था। इसलिए आने वाले राज्यसभा चुनावों को देखें तो चाहे हरियाणा हो, बिहार हो, यहां पर कांग्रेस और सहयोगी दलों को फूंक-फूंक करकदम रखना होगा। हालांकि कुछ सीटों पर तो रिजल्ट पहले से ही तय है, लेकिन अगर विपक्ष क्रॉस वोटिंग को रोक पाता है तो उसके हाथ भी कुछ सीट आ सकतीहैं। चूंकि राज्यसभा में बीजेपी और एनडीए का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए इस वर्ष 75 सीटों पर होने वाले चुनावों में विपक्ष यदि कारगर रणनीति नहीं बनाता है तो फिर इंडिया गठबंधन वाले कांग्रेस और उसके सहयोगियों की संख्या और घट सकती है, इतना तय है। जहां तक इन चुनावों में प्रमुख नेताओं के प्रभावित होने की बात है तो कई दिग्गजों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी ) के शरद पवार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जदयू नेता हरिवंश, भाजपा के केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी (6 मंत्री सहित) शामिल हैं। वहीं बीएसपी राज्यसभा से साफ हो सकती है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में भाजपा को 7, सपा को 2 सीटें मिलने की संभावना है। वहीं राजद और बीजद समेत कई दलों की सीटें घटेगी।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# सिख लोकतांत्रिक जागृति के पीछे एक शांत शक्ति

**तरणजीत सिंह संधू**

श्री हरिमंदिर साहिब के पवित्र परिसर के भीतर तेजा सिंह समुंद्री हॉल की उपस्थिति उनकी विनम्रता, नैतिक स्पष्टता, संगठनात्मक प्रतिभा और उनके जीवनपर्यंत त्याग की भावना के प्रति एक स्थायी श्रद्धांजलि है।1882 में वर्तमान तरनतारन जिले के राय का बुर्ज गांव में जन्मे समुंद्री ने एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर 1920 से 1926 तक चले सिख गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के प्रमुख स्तंभों में से एक के रूप में पहचान बनाई। उनकी नेतृत्व शैली वाकपटुता या दिखावे पर नहीं, बल्कि नैतिक दृढ़ विश्वास को एक व्यवस्थित सार्वजनिक लामबंदी में बदलने की दुर्लभ क्षमता पर आधारित थी। उन्होंने रकाब गंज, गुरु का बाग, चाबियों का मोर्चा, जैतो और नाभा जैसे ऐतिहासिक मोर्चों को रणनीतिक और नैतिक दिशा प्रदान की। इनमें से, गुरु का बाग मोर्चा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। सिख स्वयंसेवकों ने बिना किसी जवाबी कार्रवाई के गिरफ्तारियां दीं और क्रूर दमन को सहा, जिसने औपनिवेशिक अधिकारियों को चकित कर दिया और भारतीय जनता को प्रेरित किया। महात्मा गांधी, मदन मोहन मालवीय, स्वामी श्रद्धानंद और सी.एफ. एंड्रयूज जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने इस अङ्क्षहसक प्रतिरोध की नैतिक शक्ति की खुलकर प्रशंसा की।

अपने प्रभाव के बावजूद, समुंद्री ने बार-बार आधिकारिक पदों को ठुकराया क्योंकि उनका मानना था कि जब व्यक्ति संस्थानों पर हावी होने लगते हैं, तो आंदोलन कमजोर हो जाते हैं। फिर भी, उनकी सलाह और दूरदृष्टि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी.) और अकाली दल के गठन में सहायक सिद्ध हुई, जिससे सिख धार्मिक और राजनीतिक निकायों के भीतर लोकतांत्रिक कामकाज की नींव पड़ी। उनकी सबसे बड़ी विशेषता उनके निजी आचरण और सार्वजनिक नेतृत्व के बीच का सामंजस्य था। मास्टर तारा सिंह ने उन्हें एक पूर्ण गुरुसिख के रूप में व?णत किया, इस बात पर जोर देते हुए कि समुंद्री के लिए विश्वसनीयता आत्म-अनुशासन से और नेतृत्व व्यक्तिगत उदाहरण से शुरू होता था। समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता केवल शब्दों तक सीमित



नहीं थी, बल्कि व्यावहारिक थी। अमृतसर और तरनतारन के गांवों में उन्होंने दलितों को सांझे कुओं से पानी भरने के लिए आमंत्रित करके और सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा स्वीकार करके जातिगत बाधाओं को चुनौती दी-ये ऐसे कार्य थे जिन्होंने 20वीं सदी की शुरूआत के पंजाब में गहरी सामाजिक रूढियों का डटकर मुकाबला किया। 1917 की शुरूआत में ही, उन्होंने सरहाली और लायलपुर में शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के माध्यम से युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया था।

उनकी ईमानदारी उनके भौतिक त्याग के समान ही अटूट थी। जब एस.जी.पी.सी. को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा और प्रिवी काऊंसिल के समक्ष कानूनी अपील दायर करने के लिए 1.5 लाख रुपए की आवश्यकता थी, तब केवल आधी राशि ही एकत्र हो सकी थी। समुंद्री ने शेष 75,000 रुपए जुटाने के लिए अपनी दो मुरब्बा (लगभग 50 एकड़) जमीन गिरवी रख दी। उनके निधन के बाद, जब अंततः मुकद्दमा जीत लिया गया, तो उनके परिवार ने पुनर्भुगतान (पैसे वापस लेने) से इंकार कर दिया। किसी भी युग में, ऐसा कार्य निजी लाभ से संचालित सार्वजनिक जीवन के बिल्कुल विपरीत और प्रेरणादायक है।

औपनिवेशिक प्रशासन उस नैतिक अधिकार को पहचानता था जो उनके पास था। 1923 में उन्हें और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लाहौर किले और सैंट्रल जेल में कैद कर दिया गया (जो बाद में भगत सिंह से भी जुड़ी), ताकि उन्हें एक साजिश के मामले में फंसाया जा सके। 1926 में, जब कैदियों पर सशर्त रिहाई स्वीकार करने का दबाव डाला गया, तो समुंद्री ने मास्टर तारा सिंह सहित 11 कैदियों का नेतृत्व करते हुए दमनकारी शर्तों के तहत आजादी लेने से इंकार कर दिया। इस प्रकार जेल भी सैद्धांतिक प्रतिरोध का एक अखाड़ा बन गई। जुलाई, 1926 में ब्रिटिश हिरासत में मात्र 43 वर्ष की आयु में रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। जनता के आक्रोश ने सरकार को शेष कैदियों को बिना शर्त रिहा करने के लिए मजबूर कर दिया। सिखों को विभाजित करने की कोशिश में, औपनिवेशिक अधिकारियों ने तुरंत एस.जी.पी.सी. चुनावों की घोषणा कर दी। इसके विपरीत, पूरे पंजाब में सार्वजनिक सहानुभूति की एक लहर फैल गई और समुंद्री के सहयोगियों ने भारी बहुमत हासिल किया। इसने साबित कर दिया कि नैतिक अधिकार अक्सर राजनीतिक बल की तुलना में अधिक समय तक टिके रहते हैं। बाद में अकाली ते परदेसी में लिखते हुए, मास्टर तारा सिंह ने उल्लेख किया कि समुंद्री केवल मृत्यु के बाद शहीद नहीं हुए, बल्कि उनका पूरा जीवन ही शहादत का प्रतीक था। उन्होंने उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में चित्रित किया, जो सेवा, भक्ति, ज्ञान, प्रेम और निर्भयता की प्रतिमूर्ति थे-एक ऐसा व्यक्ति, जिसमें कोई द्वेष नहीं था और जिसने अपने लिए कुछ भी रखने से पहले दूसरों को दिया। समुंद्री के लिए, बलिदान कोई एक घटना नहीं, बल्कि जीवन की एक स्थायी स्थिति थी। 1923 तक उनका कद इतना बढ़ चुका था कि उन्हें 1842 के बाद पहली बार स्वर्ण मंदिर के सरोवर की कार सेवा शुरू करने के लिए पांच प्यारों में से एक के रूप में चुना गया था। उनकी शहादत के बाद, दरबार साहिब परिसर के भीतर तेजा सिंह समुंद्री हॉल का नामकरण इस बात की सामूहिक स्वीकृति थी कि कुछ जीवन बिना किसी प्रसिद्धि की चाह के इतिहास को नया आकार देते हैं।

**- लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**24 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.27 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मेष | 08.57 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.37 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.36 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.49 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 17.05 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.17 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.28 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.42 ब.से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | धनु | 01.58 बजे से |
| | | मकर | 04.04 बजे से |
| | | कुंभ | 05.50 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 55 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** सप्तमी 07.03 बजे तदनन्तर अष्टमी 04.52 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 15.07 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 07.24 बजे तदनन्तर वैधृति 04.26 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** वणिज 07.03 बजे, विष्टि 17.58 बजे तदनन्तर बव 04.52 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 6.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 32' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872630 **जूलियन दिन** 2461095.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 06 **विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8781




**बाएँ से दाएँ**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

**शब्द पहेली -8780 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | ह | क | | ता | म | झा | म |
| ज | न | | म | न | न | | | स |
| हा | | प | र | | ना | स | | ख |
| न | ज | र | बं | द | | दा | य | रा |
| | न | | द | | ह | | म | |
| दा | म | न | | न | क | ब | ज | न |
| वा | | ल | क | | ब | स | | ती |
| न | | | मा | य | का | | ता | जा |
| ल | ति | या | ना | | ना | सू | र | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7715** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7714 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

रणवीर सिंह धमकी मामला

# अमेरिकी नंबर का इस्तेमाल कर हैरी ने मांगे थे 10 करोड़ रुपए

**अभिनेता** रणवीर सिंह को हाल ही में बिश्नोई गैंग से मिली धमकी और रंगदारी के मामले में पुलिस अलर्ट मोड पर है। जांच में आए दिन नई-नई जानकारी प्राप्त हो रही है। लेटेस्ट अपडेट है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैरी बॉक्सर (हरी चंद जाट उर्फ हैरी बॉक्सर) ने व्हाट्सएप पर वॉयस नोट भेजकर रणवीर सिंह से 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। यह धमकी रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना के ठीक बाद भेजी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि वॉयस नोट में हैरी बॉक्सर की आवाज है। यह मैसेज अमेरिकी नंबर से भेजा गया था, जिसके लिए पुलिस अमेरिकी एजेंसियों से संपर्क कर रही है। जांच में पता चला कि वॉयस नोट वीपीएन का इस्तेमाल करके विदेश से भेजा गया था। धमकी के बाद रणवीर सिंह की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्राइम ब्रांच रणवीर सिंह के मैनेजर का भी बयान दर्ज कर चुकी है और मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई एआईआर नहीं की है, लेकिन प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं। रणवीर सिंह ने मैसेज मिलते ही तुरंत मुंबई पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए उनके आवास पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए। उनकी सुरक्षा को और मजबूत कर दिया गया था। यह घटना रोहित शेट्टी के जूहू स्थित घर पर हुई फायरिंग से जुड़ी हुई मानी जा रही है, जहां कुछ दिन पहले गोलीबारी हुई थी।

19 साल बाद

## फिर से भारत आएंगी ग्लोबल स्टार शकीरा



ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंसे काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। वे 10 अप्रैल 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और 15 अप्रैल 2026 को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में परफॉर्म करेंगी।






पर्सनैलिटी राइट प्रोटेक्शन

# बिना इजाजत काजोल की फोटो-वीडियो इस्तेमाल करना अपराध

**साल** 2025 में बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने पर्सनैलिटी राइट्स के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था, लेकिन अब उनकी पत्नी काजोल के लिए भी कोर्ट ने पर्सनैलिटी राइट का प्रोटेक्शन दिया है। पर्सनैलिटी राइट्स को सुरक्षा देते हुए कोर्ट ने साफ किया है कि अब बिना अनुमति के अभिनेत्री के नाम, फोटो और वीडियो का इस्तेमाल करना अपराध होगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने पर्सनैलिटी राइट के प्रोटेक्शन का आदेश देते हुए अभिनेत्री के विरुद्ध प्रकाशित अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री को हटाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने एआई और डीपफेक जैसी तकनीकों के माध्यम से काजोल के नाम, छवि अथवा व्यक्तित्व के किसी भी प्रकार के दुरुपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उच्च न्यायालय ने विभिन्न प्रतिवादी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि वे काजोल की तस्वीर या पहचान का प्रयोग कर किसी भी प्रकार के व्यावसायिक उत्पादों की बिक्री न करें। साथ ही अश्लील सामग्री को हटाने का आदेश दिया है। एआई और डीपफेक के जरिए इन दिनों सोशल मीडिया पर अवैध तरीके से उत्पादों के प्रचार और अश्लील साइटों पर अभिनेता और अभिनेत्रियों की तस्वीरों का इस्तेमाल बढ़ गया है। कुछ साइट बिना इजाजत के धड़ल्ले से एआई की आड़ में सेलिब्रिटीज की वीडियो का इस्तेमाल करते हैं।

# 'आंख मूंदकर परंपराएं मानने में विश्वास नहीं'

- 'वैष्णवी' के किरदार के जरिए सवाल उठातीं 'बींदणी' फेम श्रेया जैन



**टीवी** चैनल सन नियो पर प्रसारित 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' राजस्थान की पृष्ठभूमि में परंपरा और आधुनिकता के टकराव को दर्शाता है। इस शो में वैष्णवी का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री श्रेया जैन इन दिनों दर्शकों के बीच चर्चा में हैं। वह अपनी भूमिका के जरिए खोखली परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाती है। उन्होंने इस पर बातचीत करते हुए अपने विचार साझा किए। 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में श्रेया जैन 'वैष्णवी' नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने अपने रोल को लेकर कहा, ''मेरा किरदार वैष्णवी एक ऐसी लड़की है जो परंपराओं का सम्मान करती है, लेकिन आंख मूंदकर उन्हें मानने में विश्वास नहीं रखती। वह आधुनिक सोच की लड़की है, वह सवाल करती है, समझने की कोशिश करती है और बराबरी के रिश्तों की उम्मीद रखती है। मेरा किरदार उन सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देता है, जिनमें आज भी महिलाओं को सीमाओं में बांधकर देखा जाता है।'' श्रेया ने कहा, 'मेरे किरदार वैष्णवी की सबसे बड़ी ताकत उसकी सोच है। वह रिश्तों में पारदर्शिता चाहती है, बराबरी का अधिकार मांगती है, और यह मानती है कि प्यार या शादी में किसी एक पक्ष को ही सब कुछ जानने या तय करने का हक नहीं हो सकता।' शो से जुड़ाव को लेकर श्रेया ने कहा, 'यह शो मेरे लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ अनुभव है। जयपुर मेरी जन्मभूमि है, और राजस्थान की संस्कृति, बोली और माहौल से मैं बचपन से जुड़ी हुई हूं। यही वजह है कि वैष्णवी का किरदार मेरे लिए बिल्कुल भी बनावटी नहीं लगता। यह किरदार मेरे अंदर सहज रूप से भीतर से निकलकर आता है। मैं अपने किरदार को जीती हूं।



प्रिंस नरुला ने खोला अपनी

# हैप्पी मैरिड लाइफ का राज

**अभिनेता** प्रिंस नरुला और उनकी पत्नी युविका चौधरी का प्यार दर्शकों के दिलों में बसता है। यह जोड़ा टीवी की दुनिया में काफी लोकप्रिय है। दोनों ने कई रियलिटी शोज में भी भाग लिया और जीते भी हैं। हाल ही में प्रिंस ने अपने हेल्दी रिलेशन का सीक्रेट रिवील किया है। प्रिंस और युविका इन दिनों शो 'द 50' में नजर आ रहे हैं।

शो के दौरान आरुषि ने प्रिंस से उनके रिश्ते के बारे में सवाल पूछा, 'जब युविका उनसे नाराज हो जाती हैं, तो वे क्या करते हैं?' तो इस सवाल का जवाब देते हुए प्रिंस ने कहा, 'जब युविका मुझसे नाराज होती हैं, तो मैं जल्दी से माफी मांग लेता हूं, या फिर उन्हें कोई खास गिफ्ट दे देता हूं, सोने की कोई चीज या फिर बाहर डिनर पर ले जाता हूं।' प्रिंस का जवाब सुनकर सभी हंस पड़े, तो एक कंटेस्टेंट कहता है कि ये नाराजगी तो काफी महंगी होती है। इसके बाद आरुषी ने आगे सवाल किया, 'आपको कब लगा कि यही लड़की से शादी करनी है?' प्रिंस ने बहुत प्यार से जवाब दिया, 'वो एहसास अपने आप हो जाता है। प्रिंस ने ये वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'उसे मनाना भी एक आर्ट है। प्रिंस और युविका की जोड़ी न सिर्फ शो में बल्कि असल जिंदगी में भी एक-दूसरे का साथ देती है। दोनों की जोड़ी फैंस को काफी प्रभावित करती है। वे पहले बिग बॉस में मिले थे और वहां से उनका प्यार शुरू हुआ, जहां प्रिंस ने उन्हें दिल के आकार का पराठा बनाकर प्रपोज किया था।

'शतक' फिल्म समीक्षा

# दृढ़ विश्वास, साहस और राष्ट्र निर्माण की एक सदी

आशीष मल्ल, लेखक : अनिल अग्रवाल, नितिन सावंत, रोहित गहलोत, उत्सव दान, परिकल्पना : अनिल धनपत अग्रवाल, अवधि : 112 मिनट, रेटिंग : 4.5 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में दशकों से बहुत कुछ कहा गया है, आलोचना की गई और बहसें भी हुई। 'शतक' बाकी फिल्मों से अलग है, और यह पर्दे पर चर्चा को अनुभव में, बहस को समझ में और इतिहास को जीवंत क्षणों को बखूबी दिखाती है। यह फिल्म सिर्फ घटनाओं के बारे में नहीं है; यह उन लोगों, उनके साहस और अटूट दृढ़ विश्वास के बारे में है जो भारत के सबसे प्रभावशाली आंदोलनों में से एक के पीछे थे। यह फिल्म आरएसएस के पहले 50 वर्षों को समेटती है, और आने वाले 50 वर्षों की कहानी को भी सामने लाती है। यह एक सिनेमाई यात्रा है जो दर्शकों को आगे आने वाली घटनाओं के लिए उत्सुक कर देती है। पहले ही सीन से, 'शतक' ऐतिहासिक कहानी कहने की एक उत्कृष्ट कृति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर लेती है। भारत की उन अग्रणी फिल्मों में से एक जो लाइव-एक्शन को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ती है, यह अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि ऐतिहासिक हस्तियों और क्षणों को आश्चर्यजनक यथार्थवाद के साथ जीवंत करने के लिए एक सहज सेतु की तरह काम करती है।






संदीपा धर ने फिल्म की रिलीज पर बयां किया अपना दर्द

# 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी है

**रोमांटिक** ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की। अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, 'नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी। उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, 'नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा, 'अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है।

# सोशल मीडिया बैन के समर्थन में उतरे कुणाल कपूर

- कहा- यह तकनीक के खिलाफ नहीं, बच्चों के हक में है



सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। शनिवार को मशहूर अभिनेता कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल कपूर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है। अभिनेता कुणाल कपूर ने खबर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'इसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। यह एंटी-टेक नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। बच्चों को ऐसे एल्गोरिदम से बचाना होगा, जो लत लगाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह हमें अपने घरेलू प्लेटफॉर्म बनाने का मौका भी देता है, जो सिर्फ एंगेजमेंट पर नहीं, बल्कि ग्रोथ पर फोकस करते हैं।

# सलमान खान की इस फिल्म को रिजेक्ट कर चुकी हैं प्रियंका चोपड़ा

## पिक्चर ने छापे थे 600 करोड़

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाई है. उन्होंने हिंदी सिनेमा में तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया है. एक बार तो उन्होंने सलमान खान की एक बड़ी फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था. प्रयंका चोपड़ा बॉलीवुड की एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर अपनी पहचान बनाई है. पिछले कई सालों से वो हॉलीवुड में एक्टिव हैं और वहां के प्रोजेक्ट्स कर रही हैं. साल 2003 में प्रियंका ने सनी देओल की फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई' से बॉलीवुड में एंट्री की थी. उसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक काम किया. प्रियंका ने शाहरुख खान, सलमान खान, अक्षय कुमार जैसे बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की हैं. साल 2003 में प्रियंका ने सनी देओल की फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई' से बॉलीवुड में एंट्री की थी. उसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक काम किया. प्रियंका ने शाहरुख खान, सलमान खान, अक्षय कुमार जैसे बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की हैं. अपने करियर में प्रियंका कई बड़ी फिल्मों के ऑफर ठुकरा भी चुकी हैं. साल 2016 में सलमान खान की 'सुल्तान' के नाम से एक फिल्म आई थी. सलमान के साथ इसमें अनुष्का शर्मा दिखी थीं. हालांकि, अनुष्का फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थीं. अपने करियर में प्रियंका कई बड़ी फिल्मों के ऑफर ठुकरा भी चुकी हैं. साल 2016 में सलमान खान की 'सुल्तान' के नाम से एक फिल्म आई थी. सलमान के साथ इसमें अनुष्का शर्मा दिखी थीं.



# उत्तराखंड में कुमाऊँनी होली त्योहार नहीं, मेल-मिलाप और परंपराओं का है संगम

**कुमाऊँ क्षेत्र में होली दो प्रकार से मनाई जाती है बैठ होली और खड़ी होली**

**एजेंसी**



**अल्मोड़ा।** उत्तराखण्ड में कुमाऊँनी होली प्रसिद्ध है। इसकी शुरूआत बसंत पंचमी से होती है, लेकिन असली होली उस दिन से होती है जब सबसे पहले भगवान को रंग लगाया जाता है। मंदिर से शुरू होकर होली घर-घर पहुंचती है। बैठ और खड़ी होली इसके मुख्य रूप हैं। कुमाऊँ क्षेत्र में मनाई जाने वाली कुमाऊँनी होली खास और अनोखी होती है। जहां शहरों में होली अक्सर एक या दो दिन का त्योहार होती है, वहीं पहाड़ों में यह कई दिनों तक चलने वाला सांस्कृतिक उत्सव बन जाती है। यहां होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मेल-मिलाप, संगीत और परंपराओं का संगम है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुमाऊँनी होली की शुरूआत बसंत पंचमी से हो जाती है। होली के गीत गाने शुरू हो जाते हैं। सबसे पहले भगवान की होली गाई जाती है, फिर धीरे-धीरे यह होली एक-एक कर-के लोगों के घरों तक पहुंचती है। कुमाऊँ में होली मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है बैठ होली और खड़ी होली। बैठ होली में लोग बैठकर शास्त्रीय संगीत की धुनों पर होली गाते हैं। इसमें हारमोनियम और तबले का इस्तेमाल होता है। वहीं खड़ी होली में लोग खड़े होकर, ढोलक और मंजीरे के साथ नाचते-गाते हुए घर-घर जाते है, जो लोग होली गाते हैं, उन्हें होल्यार कहा जाता है। वे हर शाम अलग-अलग घरों में जाकर होली गाते हैं। घरों में उनका स्वागत गुड़ और सौंफ से किया जाता है, जो मिठास और प्रेम का प्रतीक है। पहाड़ों का माहौल इस दौरान बहुत शांत, सौम्य और प्रेम से भरा रहता है।
रिपोर्ट के मुताबिक एक पहाड़ी महिला बताया कि उन्हें होली का बहुत इंतजार रहता है। उनके हम लोग इधर-उधर जाकर होलियां गाते हैं। केवल होली ही नहीं, बल्कि झोड़े भी गाते हैं। झोड़ा भी कुमाऊँ का प्रसिद्ध लोकगीत और नृत्य है, जो होली के समय खास उत्साह के साथ गाया जाता है। महिलाएं रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर पूरे उत्साह से इस पर्व में भाग लेती हैं। कुमाऊँनी होली केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह पहाड़ी सर्दियों के अंत और नई फसल के मौसम की शुरूआत का भी संकेत देती है। लंबे ठंड के बाद जब बसंत आता है, तो होली के गीतों के साथ प्रकृति भी मुस्कुराने लगती है। इस तरह कुमाऊँनी होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि पहाड़ों की संस्कृति, संगीत और आपसी प्रेम का जीवंत उत्सव है।

## श्रीलंका की नौसेना ने पंबन से 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**रामेश्वरम।** श्रीलंका की नौसेना ने तमिलनाडु के 12 मछुआरों को



पंबन में गिरफ्तार किया है। इससे क्षेत्र के मछुआरों मेंआक्रोश पैदा हो गया है। बताया गया है कि 12 मछुआरे बंदरगाह से अनुमति लेकर मछली पकड़ने समुद्र में गए थे। इन लोगों को धनुषकोडी और थलाइमन्नार बीच के पास आई श्रीलंका की नौसेना ने इनकी मोटरबोट को दबोचते हुए गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मन्नार नौसैनिक शिविर ले जाने की योजना बनाई गई है। कच्चतीवु उत्सव के आयोजन से पहले 12 मछुआरों की गिरफ्तारी की एआईटीयूसी मछुआरा संघ ने कड़ी निंदा की है। संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष सेंथिलवेल ने बयान में कहा कि रामेश्वरम और मंडपम क्षेत्रों से मछली पकड़ने गए 12 मछुआरों को कच्चतीवु और नेदुंथीवु के पास मछली पकड़ते समय श्रीलंकाई नौसेना ने घेरकर गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से मछुआरा गांवों में भारी आक्रोश फैल गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मछुआरों की गिरफ्तारी के मुद्दे पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने केंद्रीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि मछुआरों की गिरफ्तारियां लगातार जारी हैं और इससे तटीय क्षेत्रों में रहने वाले मछुआरा परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के मछुआरे जब मन्नार की खाड़ी और पाक जलडमरूमध्य क्षेत्र में मछली पकड़ते हैं, तो श्रीलंकाई नौसेना द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाना आम बात हो गई है।

## तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी, 97.37 लाख नाम हटाए गए

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज 23 फरवरी को भारतीय निर्वाचन आयोग ने राज्य की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। राज्यभर में मतदाता सूची के विशेष संशोधन का कार्य पिछले वर्ष 4 नवंबर से शुरू हुआ था। इस अभियान के तहत मृत मतदाताओं, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो



चुके मतदाताओं तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। लगभग 40 दिनों तक चले इस अभियान का समापन 14 दिसंबर को हुआ।
इसके बाद 19 दिसंबर को जारी प्रारूप मतदाता सूची में 5.43 करोड़ मतदाता शामिल थे। विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले तमिलनाडु में कुल 6,41,14,587 मतदाता थे। संशोधन के बाद जारी प्रारूप सूची में यह संख्या घटकर 5,43,76,757 रह गई। यानी कुल 97,37,831 मतदाताओं के नाम हटाए गए। चुनाव आयोग के अनुसार, लगभग 27 लाख मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। 66,45,000 मतदाता ऐसे थे जो स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके थे या दिए गए पते पर निवास नहीं कर रहे थे। शेष नाम दोहरी प्रविष्टि एवं अन्य कारणों से हटाए गए। चुनाव आयोग की तरफ से बताया गया कि स्थायी रूप से स्थानांतरित या पते पर न रहने के कारण हटाए गए 66,45,000 लोगों को पुनः पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 भरने का अवसर दिया गया। इसके लिए समय सीमा बढ़ाई गई और विशेष शिविर भी आयोजित किए गए। नाम जोड़ने के लिए 17.10 लाख लोगों ने आवेदन किया, नाम हटाने के लिए 1.84 लाख और सुधार के लिए 5.51 लाख लोगों ने आवेदन किया। इस प्रकार कुल 24.47 लाख ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त 10.28 लाख ऑनलाइन आवेदन भी प्राप्त हुए। कुल मिलाकर 34,75,717 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी जांच प्रक्रिया 10 फरवरी को पूरी की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ 18.47 लाख नशीली गोलियां जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (सेंट्रल रेंज) यूनिट ने अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक बड़े अवैध फार्मास्युटिकल ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संबंध में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर 18,47,400 साइकोट्रोपिक टैबलेट बरामद की हैं जिनकी कीमत करीब आठ से नौ करोड़ रुपये आंकी गई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार को बताया कि मामले की शुरूआत 7 अक्टूबर 2025 को हुई, जब मदनपुर खादर एक्सटेंशन स्थित मेहक अपार्टमेंट के पास पुलिस ने जाल बिछाकर मोहम्मद आबिद (50) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 54 हजार ट्रामाडोल टैबलेट बरामद की गईं। इस संबंध में एफआईआर संख्या 296/25 एनडीपीएस एक्ट की धारा 22/25 के तहत दर्ज की गई। पूछताछ में आबिद ने खुलासा किया कि वह दवाएं जावेद खान से लेता था। जावेद की गिरफ्तारी 30 अक्टूबर 2025 को हुई। उसने सप्लायर के रूप में समालखा स्थित प्राद लॉजिस्टिक्स के मालिक सुनील कुमार का नाम बताया। सुनील की गिरफ्तारी 2 नवंबर 2025 को हुई। जिसने आगे विष्णु दत्त शर्मा का नाम उजागर किया। विष्णु दत्त शर्मा ने खुलासा किया कि विकास सिंह उर्फ ईश्वर सिंह और टीसी सेडाना भी नेटवर्क से जुड़े हैं। विकास को 6 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य आरोपित नौशाद उर्फ बबलू की तलाश जारी है और उसे घोषित अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

### नौकरी का प्रलोभन देकर धर्मान्तरण के आरोप में केरल का शख्स गिरफ्तार



**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के सिकन्दरपुर कस्बे में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप से जुड़े एक मामले में पुलिस ने सोमवार को केरल राज्यवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, पुलिस ने यह कार्रवाई 22 फरवरी को थाना सिकन्दरपुर में दी गई तहरीर और प्रारंभिक जांच के आधार पर की है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ल ने सोमवार को बताया कि बजरंग दल के जिला संयोजक प्रतीक कुमार राय ने थाना सिकन्दरपुर में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि मैनापुर क्षेत्र स्थित डॉ. फरीद के मकान में किराये पर रह रहा एक व्यक्ति स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को कथित रूप से नौकरी का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने सिकंदरपुर पहुंचकर जांच पड़ताल की और आवश्यक दस्तावेज कब्जे में लेकर जोसे थामस पुत्र थामस लुकेस निवासी न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना (बिहार) को हिरासत में लेकर थाने ले लाई थी। बाद में पुलिस ने धर्मान्तरण के लिए प्रलोभन देने के आरोप में जोसे थामस को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने बताया कि आरोपित मूलरुप से केरल का रहने वाला है। उस पर सिकंदरपुर में रहकर धन और नौकरी का प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करने का आरोप है। आरोपित जोसे ने अब तक पंद्रह-बीस लोगों का धर्मान्तरण कराया है।

# नेपाल में बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की लोगों की मौत

## दुर्घटना में 25 अन्य घायल, मरनेवालों में दो विदेशी नागरिक भी शामिल

**एजेंसी**



**काठमांडू।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं।
आर्म्ड पुलिस फोर्स के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है। हादसे के समय बस में 44 लोग सवार थे।
मरने वालों में 12 पुरुषों और 6 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे। घायल 26 यात्रियों को बचा लिया गया है। कुछ का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है, जबकि अधिकांश को आगे के इलाज के लिए काठमांडू रैफर कर दिया गया है। यह दुर्घटना आधी रात को होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी हुई। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बचाव कार्य किया।
इससे पहले नेपाल के बैतड़ी जिले में 5 फरवरी को बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी थी। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए थे। बस गांव से दुल्हन लेकर सुनकुड़ा जा रही थी। बस एक मोड़ पर चढ़ाई के दौरान अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में गिर गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हादसा ओवरलोडिंग के कारण हुआ था। वहीं, साल 2024 में लैंडस्लाइड की वजह से दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं थीं। दोनों बसों में चालकों समेत 63 लोग सवार थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हुई। त्रिशूली नदी नका नाम भगवान शिव के त्रिशूल से आया है। इसके पीछे एक प्रचलित कथा है कि गोसाइकुंडा (एक पवित्र जगह) में शिव जी ने अपना त्रिशूल जमीन में गाड़ा, जिससे तीन झरने निकले और ये नदी बनी। ये तिब्बत (चीन) के ग्यिरोंग काउंटी में शुरू होती है। वहाँ दो नदियाँ - क्यिरोंग त्सांगपो और लेंदे खोला से मिलकर त्रिशूली बनाती हैं। नेपाल में ये रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, चितवन जैसे जिलों से गुजरती है। पृथ्वी हाईवे के साथ-साथ बहती है, जो काठमांडू और पोखरा को जोड़ता है। आखिर में ये नारायणी नदी (गंडकी नदी) में मिल जाती है। इसकी लंबाई लगभग 200 किलोमीटर है। पुराने समय में ये काठमांडू वैली और तिब्बत के बीच व्यापार का मुख्य रास्ता था।

## ट्रम्प के दबाव के बाद एक्शन, देशभर में हिंसा शुरू

# मेक्सिको में सेना ने सबसे बड़े ड्रग माफिया को मारा

**समर्थकों ने एयरपोर्ट-मॉल में आग लगाई**

**एजेंसी**



**मेक्सिको सिटी,।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाडि ?ों में तोडफोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं।
न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था।
मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओविदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है। जालिस्को कार्टेल कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था।

## श्रीलंका की नौसेना ने पंबन से 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**रामेश्वरम।** श्रीलंका की नौसेना ने तमिलनाडु के 12 मछुआरों को पंबन में गिरफ्तार किया है। इससे क्षेत्र के मछुआरों मेंआक्रोश पैदा हो गया है। बताया गया है कि 12 मछुआरे बंदरगाह से अनुमति लेकर मछली पकड़ने समुद्र में गए थे। इन लोगों को धनुषकोडी और थलाइमन्नार बीच के पास आई श्रीलंका की नौसेना ने इनकी मोटरबोट को दबोचते हुए गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मन्नार नौसैनिक शिविर ले जाने की योजना बनाई गई है। कच्चतीवु उत्सव के आयोजन से पहले 12 मछुआरों की गिरफ्तारी की एआईटीयूसी मछुआरा संघ ने कड़ी निंदा की है। संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष सेंथिलवेल ने बयान में कहा कि रामेश्वरम और मंडपम क्षेत्रों से मछली पकड़ने गए 12 मछुआरों को कच्चतीवु और नेदुंथीवु के पास मछली पकड़ते समय श्रीलंकाई नौसेना ने घेरकर गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से मछुआरा गांवों में भारी आक्रोश फैल गया है।

## असम के हैलाकांदी में पांच करोड़ की याबा टैबलेट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**हैलाकांदी (असम)।** असम में चल रहे ड्रग्स विरोधी अभियान के तहत हैलाकांदी पुलिस ने सोमवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब पांच करोड़ रुपये की याबा टैबलेट जब्त की और दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया। विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने जिले के बोआलगढ़ प्रथम खंड क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एमजेड-01आर-6434 नंबर की एक संदिग्ध महिंद्रा टीयूवी वाहन को रोका गया। वाहन की गहन तलाशी लेने पर पुलिस को अंदर विशेष रूप से तैयार किया गया एक गुप्त चेंबर मिला, जिसमें प्रतिबंधित नशीला पदार्थ छिपाकर रखा गया था। इस गुप्त चेंबर से पुलिस ने 12 अलग-अलग पैकेटों में रखी गई कुल 1.21 लाख याबा टैबलेट बरामद की। सूत्रों के अनुसार, जब्त की गई नशीली टैबलेटों की अनुमानित बाजार कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसे जिले में इस वर्ष की बड़ी बरामदगियों में से एक माना जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने मौके से मिस मार्ची पिल्लई और थोंगजागिन हाओकिप नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को फिलहाल पुलिस हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि कहीं यह खेप किसी बड़े अंतरराज्यीय या अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से जुड़ी तो नहीं है।

# राष्ट्रपति भवन में राजाजी की प्रतिमा का अनावरण

**राष्ट्रपति ने कहा- आत्मगौरव का सम्मान**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन परिसर में आजाद भारत के पहले और एकमात्र भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती सी. राजगोपालाचारी (राजाजी) की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने राजाजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी 24 फरवरी से 1 मार्च तक राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में आने वाले आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। अशोक मंडप के समीप ग्रैंड ओपन सीढ़ी पर स्थापित राजाजी की यह प्रतिमा पहले वहां लगी एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर लगाई गई है। इसे औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को समाप्त करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत तथा राष्ट्रीय आत्मगौरव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।
राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्थापित की गई राजाजी की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए ऐतिहासिक अवसर है। राजाजी को सम्मानित कर देश ने अपने आत्मगौरव का सम्मान किया है। उन्होंने स्मरण कराया कि जब राजाजी गवर्नमेंट हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) पहुंचे थे, तब उन्होंने अपने कक्ष में रामकृष्ण परमहंस और महात्मा गांधी के चित्र लगाए थे। इससे उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत भले ही औपचारिक रूप से डोमिनियन रहा हो, लेकिन भारतीयों के हृदय में स्वराज स्थापित हो चुका था।
राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विरासत पर गर्व करने और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का जो राष्ट्रीय अभियान चल रहा है, उसमें राजाजी के आदर्श स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान शासक जनता से दूरी बनाए रखते थे, लेकिन स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का मूल सिद्धांत जन-जन से जुड़ाव है।

# बेटी नहीं, पार्टी के शीर्ष पद पर चुने गए किम जोंग उन

**एजेंसी**



**प्योंगयाग।** तमाम अटकलों के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के शीर्ष पद पर फिर से निर्वाचित किया गया है। बीते कुछ समय से चर्चा चल रही थी कि किम जोंग उन अपनी बेटी को पार्टी की बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ है। किम जोंग उन ने एक बार फिर अमेरिका को आंख दिखाते हुए देश में परमाणु हथियारों को और मजबूत करने का ऐलान किया है।
गुरुवार से शुरू हुई पार्टी कांग्रेस में किम अगले पांच वर्षों के लिए अपने प्रमुख राजनीतिक और सैन्य लक्ष्यों की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। संकेत मिल रहे हैं कि वह परमाणु कार्यक्रम को और तेज करने पर जोर देंगे। उत्तर कोरिया के पास पहले से ही ऐसी मिसाइल मौजूद हैं जो एशिया में अमेरिकी सहयोगियों और अमेरिकी मुख्य भूमि तक को निशाना बना सकती हैं। विश्लेषकों का मानना है कि किम पारंपरिक सैन्य बलों को मजबूत करने और उन्हें परमाणु क्षमताओं के साथ एकीकृत करने के नए लक्ष्य घोषित कर सकते हैं। साथ ही वह चीन के साथ व्यापार में सुधार और रूस को हथियार निर्यात से मिली आर्थिक बढ़त के बीच आत्मनिर्भरता अभियान पर भी पुनः जोर दे सकते हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि हजारों प्रतिनिधियों की एकमत इच्छा से किम को पार्टी का महासचिव चुना गया। वर्ष 2016 से हर पांच वर्ष में आयोजित इस कांग्रेस में शीर्ष नेता का चुनाव होता है। जानकारों का अनुमान है कि किम दक्षिण कोरिया के प्रति अपने कड़े रुख को और संस्थागत रूप दे सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 2019 में वार्ता विफल होने के बाद से उत्तर कोरिया का अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीतिक संवाद ठप है।

# चयन और बल्लेबाजी क्रम की गलतियों से मिली टीम इंडिया को हार : रविचंद्रन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर आठ चरण में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 76 रन की करारी हार के पीछे चयन और बल्लेबाजी क्रम से जुड़े फैसलों को अहम कारण बताया है। यह मुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 111 रन पर सिमट गई। यह टी-20 विश्व कप में भारत की सबसे बड़ी हार रही और टूनार्मेंट में लगातार 13 मैचों से चला आ रहा अपराजित क्रम भी टूट गया। अश्विन ने अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खिलाने और रिंकू सिंह को आठवें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए भेजने के फैसले पर सवाल उठाए। अपने यूट्यूब चैनल ऐश की बात पर अश्विन ने कहा, मैं मानता हूं कि इंडियन प्रीमियर लीग में मुकाबलों के अनुसार संयोजन बनाना ठीक है, क्योंकि वहां 14 मैच खेलने होते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के टूनार्मेंट में टीम को जितना स्थिर रख सकें, उतना बेहतर होता है।



बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ वॉशिंगटन सुंदर का उपयोग करना सही है, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन अक्षर पटेल टी-20 क्रिकेट में आपके सबसे उपयोगी खिलाड़ी रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अक्षर ने क्या किया है। अश्विन ने वर्ष 2024 के टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की पारी को याद किया। उन्होंने कहा, पिछले विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इसी तरह की परिस्थिति में अक्षर पटेल ने विराट कोहली के साथ साझेदारी की थी और भारत का स्कोर 170 के पार पहुंचाया था। निश्चित रूप से कोहली का अनुभव था, लेकिन अक्षर किसी से कम नहीं हैं। अगर भारत के पास मध्य ओवरों में कुछ विकेट शेष रहते और स्थिरता बनी रहती, तो लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। अश्विन ने बल्लेबाजी क्रम पर भी असहमति जताई। उन्होंने कहा, रिंकू सिंह का आठवें क्रम पर बल्लेबाजी करना समझ से परे है। आपके पास आठ बल्लेबाज हैं और रिंकू आठवें नंबर पर आ रहे हैं। उन्हें ऐसी स्थिति में नहीं भेजा जा सकता। वॉशिंगटन सुंदर के प्रति कोई अनादर नहीं है। वह शानदार बल्लेबाज हैं और उनकी क्षमता हम जानते हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने भारत को यह सबक दिया है कि बिना पूरी तैयारी के बड़े मुकाबलों में नहीं उतरना चाहिए।

# 'लाइन में रहना..' भारत को हराने के बाद डेविड मिलर का बड़ा बयान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर–8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से करारी शिकस्त दी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जीत के हीरो रहे डेविड मिलर, जिन्होंने 63 रन की मैच जिताऊ पारी खेली और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया।

टीम इंडिया को हराने के लिए लाइन में रहना जरूरी

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिलर ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि भारत जैसी मजबूत टीम को हराने के लिए अनुशासन और स्पष्ट योजना बेहद जरूरी होती है।



मिलर ने कहा, टीम इंडिया को हराया जा सकता है। वे शानदार टीम हैं, लेकिन ऐसे टूर्नामेंट में उन्हें हराने के लिए हमें अपनी लाइन में रहना और अपने रोल पर फोकस करना जरूरी था। मैं हमेशा सामान्य चीजों पर ध्यान देता हूं और कोशिश करता हूं कि खिलाड़ी के तौर पर अपना काम सही तरीके से पूरा करूं।

अनुभव और समझदारी बना जीत की कुंजी

मिलर ने आगे कहा कि दक्षिण अफ्रीकी टीम काफी समझदार है और खिलाड़ियों ने लंबे समय तक साथ में क्रिकेट खेला है।हमने साउथ अफ्रीका के लिए काफी क्रिकेट साथ में खेला है। इसलिए हमें पता है कि दबाव को कैसे संभालना है। भारत के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। उनके पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं, लेकिन हमें प्रेशर को झेलते हुए अपना काम करना था।

**आज टी-20 वर्ल्ड कप में**

## इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड, पिछले 5 मैचों का परफॉर्मेंस

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के अपने–अपने दूसरे सुपर एट्स मुकाबले में स्पिन के दबदबे वाले मैच के लिए तैयार हैं। पिच से स्लो बॉलर्स को मदद मिलने की उम्मीद है। 2022 के चैंपियन इंग्लैंड ने अभी तक अपनी पूरी क्षमता नहीं दिखाई है, लेकिन सुपर 8 में वह अब तक हारा नहीं है।

डिफेंडिंग टीम ने श्रीलंका पर 51 रन की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। इस जीत से उनके नेट रन रेट में काफी सुधार हुआ और वे ग्रुप स्टैंडिंग में टॉप पर पहुंच गए। इंग्लैंड को कंडीशंस की जानकारी होने का भी फायदा है। उन्होंने हाल ही में इस महीने की शुरुआत में इसी जगह पर तीन मैचों की टी–20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया था और इससे पहले उन्होंने हाल ही में खत्म हुए सुपर 8 मैच में श्रीलंका को हराया था, जिससे उन्हें मुकाबले से पहले साइकोलॉजिकल बढ़त मिली है। इस बीच पाकिस्तान अलग–अलग तरह के स्पिन अटैक के



साथ पिच के धीमे नेचर का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। टीम के पास उस्मान तारिक का शानदार मिस्ट्री स्पिन है जिसे सैम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे टैलेंटेड गेंदबाज़ों का साथ मिला है।

# टी-20 विश्व कप 2026 : वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रन से रौंदा

एजेंसी

**मुंबई।** शिमरॉन हेटमेयर की तूफानी 34 गेंदों में 85 रन की पारी और गुडाकेश मोती के चार विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। स्पिन को मदद दे रही पिच पर हेटमायर ने सात चौके और सात छक्के जड़ते हुए 34 गेंदों में 85 रन ठोक दिए। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 254/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस टूनार्मेंट का सर्वोच्च और टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। नंबर-2 पर बल्लेबाजी करते हुए हेटमायर ने महज 19 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर वेस्टइंडीज के लिए टी20 विश्व कप का सबसे तेज पचासा जड़ा। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल (23 गेंद, 2009) के नाम था। हेटमायर ने कप्तान रोवमन पॉवेल (35 गेंद में 59 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की। दोनों ने सिर्फ 45 गेंदों में 100 रन जोड़कर मैच पूरी तरह एकतरफा बना दिया।



**लक्ष्य के दबाव में बिखरा जिम्बाब्वे :** 255 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम तीसरे ओवर में 20/3 पर सिमट गई। कप्तान सिकंदर रजा ने 20 गेंदों में 27 रन बनाकर संघर्ष किया, जबकि ब्रैड इवांस ने 21 गेंदों में 43 रन की आक्रामक पारी खेली। इसके बावजूद रन रेट का दबाव बहुत ज्यादा था और पूरी टीम 17.4 ओवर में 147 रन पर ढेर हो गई। लीग चरण में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराने वाली जिम्बाब्वे के लिए यह करारा झटका रहा।

**मोटी और होसैन की घातक गेंदबाजी :** गेंदबाजी में गुडाकेश मोटी ने 4/28 के शानदार आंकड़े दर्ज किए। अकील होसैन (3/28) और मैथ्यू फोर्ड (2/27) ने बेहतरीन साथ दिया। इस बड़ी जीत से वेस्टइंडीज का नेट रन रेट +5 से ऊपर पहुंच गया है, जिससे सेमीफाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। हालांकि यह मुकाबला पूरी तरह हेटमायर के नाम रहा, जिनकी विस्फोटक पारी ने वेस्टइंडीज को खिताब की प्रबल दावेदारों में ला खड़ा किया है।

*मैच से पहले कोच अमोल मजूमदार बोले -*

# जर्सी पर 'एक स्टार' का सपना था खिलाड़ियों का



एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एलन बॉर्डर फील्ड में खेले जाने वाले पहले वनडे में जब भारतीय महिला टीम मैदान पर उतरेगी, तो उनकी नीली जर्सी पर एक सितारा सजा होगा- पिछले वर्ष घरेलू धरती पर पहली बार वनडे विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि यह छोटा सा एक 'स्टार' टीम के लिए बेहद खास मायने रखता है। भारत इस सीरीज में 2-1 की बढ़त के साथ उतर रहा है और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में 10 वर्षों बाद टी20क सीरीज भी अपने नाम कर चुका है। मजूमदार ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, खिलाड़ी इसी के लिए खेलते हैं–विश्व चैंपियन बनने के लिए। कोचिंग स्टाफ का लक्ष्य भी यही रहता है। विश्व कप जीत के बाद यह पहली सीरीज है और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यहां खेलना बेहद महत्वपूर्ण है। लड़कियों के मन में यह बात थी कि वे जर्सी पर एक स्टार के साथ उतरेंगी। भारतीय दल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पखवाड़े भर पहले पहुंच गया था। मजूमदार ने बताया कि विदेश में जल्दी पहुंचकर परिस्थितियों के अनुकूल ढलना बेहद जरूरी है। पिछले साल इंग्लैंड दौरे से पहले भी टीम ने यही रणनीति अपनाई थी और सकारात्मक परिणाम मिले थे।

**● जिबावे के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से पहले सूर्यकुमार का बड़ा बयान**

# उम्मीद है हम अच्छी बल्लेबाजी करेंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन की हार झेलने के बाद टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साफ कहा है कि एक हार से टीम अपनी खेलने की शैली नहीं बदलेगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मिली इस बड़ी शिकस्त के बाद भारत का नेट रन रेट काफी गिर गया है और अब सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। टीम अब चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' मुकाबला खेलेगी। मैच के बाद प्रस्तुति समारोह में सूर्यकुमार ने कहा - उम्मीद है हम अच्छी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग करेंगे। चीजें सरल रखेंगे और वही ब्रांड का क्रिकेट खेलेंगे जो हम खेलना चाहते हैं। एक मैच से कुछ नहीं बदलता। हम मजबूत वापसी करेंगे। भारत 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 111 रन पर ऑलआउट हो गया। सूर्यकुमार ने माना कि पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया भारी पड़ गया।उन्होंने कहा कि 180-185 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पावरप्ले में जीता नहीं जा सकता, लेकिन वहीं हारा जरूर जा सकता है। शुरुआती ओवरों में ज्यादा विकेट गिरने से टीम छोटी-छोटी साझेदारियां नहीं बना सकी, जो बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए जरूरी थीं। हार के बाद कोचिंग स्टाफ–रयान टेन डोशेटे और सितांशु कोटक–ने संकेत दिए हैं कि टीम संयोजन में बदलाव संभव है।



**भारत बनाम जिबावे - कहते है आंकड़ें**

भारत और जिम्बाब्वे के बीच अब तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं, जिनमें जिम्बाब्वे ने तीन मुकाबले जीते हैं। 2024 में जिम्बाब्वे ने 115 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए भारत को 102 रन पर समेट दिया था। टी20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें सिर्फ एक बार भिड़ी हैं–2022 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर। उस मैच में भारत ने 71 रन से जीत दर्ज की थी और सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए थे।

# हार गए लेकिन वापसी करेंगे

**सुपर-8 में शिकस्त के बाद बीसीसीआई का टीम इंडिया पर भरोसा कायम**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने टीम पर पूरा भरोसा जताया है और कहा है कि टीम इंडिया मजबूती से वापसी करेगी।

- **दक्षिण अफ्रीका का दमदार प्रदर्शन–** दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। शुरुआत में 20 रन पर 3 विकेट गंवाने के बावजूद टीम ने शानदार वापसी की। डेविड मिलर (35 गेंदों पर 63 रन) और डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन) के बीच 97 रन की साझेदारी ने पारी को संभाला। अंत में ट्रिस्टन स्टब्स की तेज पारी ने स्कोर को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया।
- **भारत की बल्लेबाजी रही बेअसर–** 188 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले 10 ओवर में ही भारत का स्कोर 51/5 हो गया। शिवम दुबे ने 42 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल।

**वैभव सूर्यवंशी के लिए बिहार सरकार ने खोला खजाना**

# 19 वर्ल्ड कप जीत के बाद मिला 50 लाख का इनाम

**पटना (एजेंसी)।** अंडर-19 विश्वकप 2026 के फाइनल में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर भारत को खिताब दिलाने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को बिहार सरकार ने बड़ा सम्मान दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को उन्हें 50 लाख रुपये का चेक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे।

**बिहार के लिए गौरव का क्षण–** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से बिहार और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा, अंडर-19 विश्वकप में भारत की जीत में बिहार के इस खिलाड़ी की अहम भूमिका रही है। वैभव राज्य के बच्चों के लिए प्रेरणा हैं। हमें उम्मीद है कि वे आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।



**टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय–** वैभव सूर्यवंशी अंडर–19 विश्वकप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे।

**7 मैचों में 439 रन**

| | |
|---|---|
| औसत | 62.71 |
| स्ट्राइक रेट | 169.50 |

1 शतक और 3 अर्धशतक

41 चौके और 30 छक्के

उनका प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार रहा और उन्होंने कई मैचों में टीम को जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम को 100 रन से हराया। इस मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी ने मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया और टीम को खिताब जिताने में निर्णायक भूमिका निभाई।

## भारतीय टीम की हार से गंभीर की लचर रणनीति पर फिर उठे सवाल

**अहमदाबाद।** टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ के पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम की करारी हार के लिए खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के साथ ही कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारों का मानना है कि टीम के खराब प्रदर्शन के लिए गंभीर की लचर योजनाएं भी जिम्मेदार हैं। मैच केवल मैदान पर नहीं खेला जाता बल्कि उससे कहीं ज्यादा दिमाग में खेला जाता है। टीम प्रबंधन ने यहां गलती कर दी। इसी कारण ग्रुप स्तर पर सभी मैच जीतने वाली टीम धीमी और काली मिट्टी के विकेट पर विफल रही। इस मैच में अंगुल के स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिखे। न तो भारतीय टीम प्रबंधन की योजनाओं में स्पष्टता दिखी और न वह उन्हें अमल में ला पायी। यहां तक की पारी की शुरूआत कौन करेगा। ये भी अंत तक तय नहीं था। गंभीर अपने सबसे बेहतरीन 11 खिलाड़ी उतारने की बजाय लगातार प्रयोग करते दिखे। वह भी ऐसे समय तब कि एक ही टीम उतारी जानी चाहिये। मैच में उपकप्तान अक्षर पटेल की जगह पर अंतिम ग्यारह में वाशिंगटन सुंदर को उतारा गया। सुंदर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में विफल रहे। टीम में चयनित खिलाड़ी को ही अंत तक पता नहीं होता है कि वह अंतिम ग्यारह में है कि नहीं। इससे उनकी तैयार भी प्रभावित होती है जबकि विश्वकप खेलते समय टीम पहले से ही तय कर ली जाती है और वही पूरे समय खेलती है।

*एलन मस्क ने बताया सबसे बड़ा टैक्सपेयर्स*

## अपनी मौत तक 500 अरब डॉलर से अधिक दे दूंगा टैक्स

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क आए दिन कोई ना कोई बड़ा दावा करते रहते हैं। अब उन्होंने एक नई बात से सबको हैरान कर दिया है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा की वह अपने पूरे जीवन में 500 अरब डॉलर से अधिक का टैक्स भुगतान कर देंगे। उन्होंने यह अनुमान तब लगाया है जब उनकी कुल नेट वर्थ 852 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। उनकी नेट वर्थ में इस उछाल के पीछे की वजह रॉकेट कंपनी स्पेक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एंड एआई का मर्जर है। इस विलय के बाद कंपनी की वैल्यूएशन 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। मस्क ने कहा, व्यक्तिगत भुगतान वाला सबसे बड़ा व्यक्ति हूं। मैंने 10 बिलियन डॉलर से अधिक का टैक्स भुगतान कर दिया है। मस्क आगे कहते है कि अपनी मौत तक में 500 अरब डॉलर से अधिक का टैक्स भुगतान कर दूंगा। इसी महीने की शुरुआत में एलन मस्क की नेट वर्थ



में 84 बिलियन डॉलर का इजाफा महज एक दिन में हो गया था। दोनों कंपनियों के विलय के बाद अस्तित्व में आई नई कंपनी में एलन मस्क की कुल हिस्सेदारी 43 प्रतिशत है। जोकि 542 बिलियन डॉलर के बराबर है। एलन मस्क की नेट वर्थ में तेजी के साथ इजाफा होने की उम्मीद है। हाल ही में टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने पे पैकेज की घोषणा की है। अगर टेस्ला एक दशक में ग्रोथ टारगेट तक पहुंच जाएगा तब की स्थिति में एलन मस्क को 1 ट्रिलियन डॉलर के अतिरिक्त स्टॉक मिलेंगे। ऐसा होने पर वह दुनिया के पहले ट्रिलेनियर व्यक्ति बन जाएंगे मौजूदा समय में एलन मस्क के पास टेस्ला का 12 प्रतिशत हिस्सा है। जिसकी वैल्यू 178 बिलियन डॉलर है।

## आशीष कचोलिया ने अपने पोर्टफोलियो में जोड़ा अपोलो इंडस्ट्रीज स्टॉक, 1.23 प्रतिशत हिस्सा खरीदा

**मुंबई, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक आशीष कचोलिया ने अपने पोर्टफोलियो में अपोलो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को जोड़ा है। दिसंबर तिमाही की शेयरहोल्डिंग के अनुसार कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से अधिक है। जानते है कि इस स्टॉक का प्रदर्शन कैसा रहा है? गुजरात अपोलो इंडस्ट्रीज लिमिटेड में आशीष कचोलिया की कुल हिस्सेदारी 1.23 प्रतिशत है। मौजूदा समय में आशीष



कचोलिया की होल्डिंग 50 कंपनियों में है। उनकी कुल नेट वर्थ 2518.40 करोड़ रुपये की है। गुजरात अपोलो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर 3.85 प्रतिशत की तेजी बाद बीएसई में 392.55 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। पिछले एक साल में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी आई है गुजरात अपोलो इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 52 वीक हाई 555 रुपये और 52 वीक लो लेवल 246.15 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 463 करोड़ रुपये का है। दो साल में गुजरात अपोलो इंडस्ट्रीज के शेयरों का भाव 38 प्रतिशत और तीन साल में 105 प्रतिशत बढ़ा है। 10 साल में यह स्टॉक पोजीशनल निवेशकों को 224 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इंडस्ट्रीज लिमिटेड का रेवन्यू दिसंबर तिमाही में 16.17 करोड़ रुपये रहा है। जोकि तिमाही दर तिमाही के आधार पर 25.45 प्रतिशत और सालाना आधार पर 159 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दिसंबर क्वार्टर में 7.79 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में टैक्स भुगतान के पहले प्रॉफिट 68 लाख रुपये रहा है। वहीं, नेट प्रॉफिट इस दौरान 63 लाख रुपये रहा है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में तिमाही दर तिमाही के आधार पर 73 प्रतिशत की गिरावट आई है। सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 2.34 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, सालाना आधार कंपनी का नेट प्रॉफिट 72.96 प्रतिशत कम रहा है।

# टैरिफ को रद्द करने के फैसले से बौखलाए ट्रंप, दुनिया पर फोड़ा टैरिफ बम

### वकील कत्याल ने कहा - राष्ट्रपति ट्रंप मनमानी नहीं कर सकते हैं, कांग्रेस के पास जाएं

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से मिली हार के बाद एक बार फिर से टैरिफ बम फोड़ दिया है। यूएस सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप द्वारा दुनिया के तमाम देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को गैरकानूनी बताकर इसे रद्द करने का फैसला सुनाया था, तो इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी देशों पर 10 फीसदी का ग्लोबल टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसके महज 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने फिर से टैरिफ बम फोड़ा और इसे बढ़ाकर 15फीसदी कर दिया है। अमेरिका के इस कदम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप को झटका देने वाले भारतीय-अमेरिकी वकील नील कत्याल ने सवाल उठाए हैं। बता दें ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ को बढ़ा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए ऐलान किया कि यूएस तत्काल प्रभाव से दुनिया भर के देशों पर लागू 10 फीसदी टैरिफ को बढ़ाते हुए 15फीसदी करने जा रहा है। इस टैरिफ हाइक



के साथ ही उन्होंने फिर से पुराना दावा दोहराते हुए कहा है कि तमाम देश दशकों से अमेरिका का फायदा उठाते आ रहे हैं और टैरिफ से जुड़ा ये फैसला उसी का जवाब है। उन्होंने ये भी कहा कि टैरिफ हाइक पूरी तरह से कानून के दायरे में है और इसकी जांच-परख भी की जा चुकी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में नील कत्याल ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के लिए धारा 122 पर भरोसा करते हुए इसका सहारा लेना मुश्किल नजर आता है, क्योंकि इसी मामले में अमेरिकी न्याय विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को इसके विपरीत बताया था। उन्होंने कहा कि धारा 122 का यहां कोई स्पष्ट अनुप्रयोग नहीं है, क्योंकि ट्रंप ने जिस आपातकालीन स्थिति का हवाला दिया था, वह व्यापार घाटे से जुड़ी है, कत्याल ने आगे कहा कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े स्तर पर दुनिया के देशों के ऊपर टैरिफ लगाना ही चाहते हैं, तो उन्हें इसके लिए अमेरिकी तरीका अपनाना चाहिए और कांग्रेस के पास जाना चाहिए। बता दें कत्याल वह भारतीय-अमेरिकी वकील हैं, जिनकी अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दलीलों ने ट्रंप टैरिफ को चारों खाने चित कर दिया था। उन्होंने कोर्ट में कहा था कि अमेरिकी संसद कांग्रेस के पास व्यापार को विनियमित करने की शक्ति है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इस शक्ति को मनमाने ढंग से इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

# 1 अप्रैल से नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर नहीं होगा नकद लेनदेन

### सरकार हाईवे पर टोल टैक्स वसूलने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की कर रही तैयारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेशनल हाईवे पर सफर करने वालों के लिए सरकार 1 अप्रैल से नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर नकद लेनदेन को पूरी तरह से खत्म करने जा रही है। सरकार हाईवे पर टोल टैक्स वसूलने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की तैयारी कर रही है। ऐसे में आने वाले समय में टोल प्लाजा पर पेमेंट के लिए फास्टैग और यूपीआई जैसे डिजिटल मोड पर निर्भर रहना पड़ेगा। वर्तमान में नियमों के मुताबिक अगर आपकी गाड़ी के पास वैलिड फास्टैग नहीं है या काम नहीं कर रहा है, तो रेगुलर टोल का दोगुना चार्ज वसूला जाता है। वहीं, जो लोग यूपीआई से पेमेंट करना चुनते हैं, उनसे उनकी गाड़ी की कैटेगरी के



हिसाब से टोल टैक्स का 1.25 गुना भुगतान करना होता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि यूपीआई से पेमेंट नवंबर में कैश पेमेंट को कम करने के एक विकल्प के तौर पर शुरू किया गया था, जो तब टोटल टोल कलेक्शन का करीब 2 फीसदी था। अब तक कैश पेमेंट में करीब 1 फीसदी की गिरावट आई है, जो कुछ महीने पहले कैश में जमा होने वाले पेमेंट का आधा है। सभी टोल प्लाजा पर पेमेंट करने के लिए, यूपीआई सिस्टम है। एक रिपोर्ट के हवाले से यह पता चला है कि सरकार ओवरलोडिंग के लिए पेनल्टी के मुद्दे को सुलझाने पर भी काम कर रही है, जो अभी ज्यादातर कैश में दिए जाते हैं। कैशलेस ओवरलोडिंग पेनल्टी पेमेंट को सही और आसान बनाने के लिए, एक प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। एनएचएआई ने कहा कि प्रस्तावित उपाय का मकसद इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन में मिले फायदों को मजबूत करना और फीस प्लाजा ऑपरेशन की एफिशिएंसी और भरोसे को मजबूत करना है। सरकार के इस नियम का मकसद हाईवे पर जाम और लंबी कतारों से यूजर्स को निजात दिलाना है। कई बार कैश पेमेंट में वक्त ज्यादा लग जाता है क्योंकि पैसे के लेनदेन, छुट्टा देने या लेने में, रसीद काटने में काफी समय लगता है। ऐसे में टोल पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। डिजिटल पेमेंट होने से गाड़िया बिना रूके हाईवे से गुजर सकेंगी। इससे एक तरफ यूजर्स के लिए, भी हाईवे पर आना-जाना आसान होगा और टोल ट्रांजैक्शन एक जैसा और ट्रांसपेरेंसी आएगी। टोल चोरी या कोई गड़बड़ी होने की संभावना खत्म हो जाएगी।

## अदाणी पोर्ट्स, एनएमडीसी और वेले ब्राजील विकसित करेंगे एसईजेड आधारित इकोसिस्टम

**मुंबई, एजेंसी।** अदाणी बंदरगाह और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एपीएसईजेड) ने अपनी सहायक कंपनी अदाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड (एजीपीएल) के माध्यम से सरकारी कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड और वेले एस.ए. (वेले ब्राजील) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू भारत-ब्राजील बिजनेस फोरम शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित किया गया। इसके तहत गंगावरम पोर्ट पर आयरन ओर ब्लेंडिंग सुविधा और एक समर्पित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के विकास के लिए रणनीतिक ढांचा तैयार किया जाएगा। समझौते पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित रहे, जो भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी के मजबूत होते संबंधों को दर्शाता है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि यह सहयोग वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए भविष्य-उन्मुख और लचीला बुनियादी ढांचा विकसित करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले खनिज लॉजिस्टिक्स को उन्नत बंदरगाह क्षमताओं के साथ जोड़कर उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ देश की व्यापक आर्थिक वृद्धि में योगदान दिया जाएगा। एक एकीकृत एसईजेड-आधारित इकोसिस्टम विकसित, संचालित और प्रबंधित किया जाएगा, जिसमें आयरन ओर की ब्लेंडिंग, वैल्यू एडिशन और व्यावसायीकरण शामिल होगा। इस पहल का उद्देश्य भारत के पूर्वी तट पर आयरन और निर्यात वैल्यू चेन को मजबूत करना और खनिज प्रसंस्करण एवं व्यापार में दक्षता, पैमाना और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है।

## एक शेयर पर तीन शेयर बोनस दे रही है इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड




एजेंसी

**मुंबई।** बोनस शेयर पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। इस हफ्ते इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रहे हैं। इस मल्टीबैगर स्टॉक की कीमतों में पिछले एक साल में 100 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 1 शेयर पर 3 शेयर बोनस के तौर पर दिए जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 27 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर दे रही है। इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने लगातार निवेशकों को डिविडेंड दिया है। कंपनी ने आखिरी बार निवेशकों को 2025 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 1 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2023 में कंपनी ने एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड दिया था। 2024 में कंपनी ने एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड दिया था। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय परइन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों का भाव 2.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 889.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले तीन महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 57 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। वहीं, एक साल में यह स्टॉक 160 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 9.35 प्रतिशत की उछाल देखने को मिला है। कंपनी का 52 वीक हाई 1030 रुपये और 52 वीक लो लेवल 269.95 रुपये है।

# 9 कंपनियों के आईपीओ इस हफ्ते हो रहे हैं ओपन, दांव लगाने के लिए रहिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** इस हफ्ते आईपीओ की बहार लौट आई है। कई कंपनियों के आईपीओ खुल रहे हैं। इसमें मेनबोर्ड सेगमेंट के 4 आईपीओ और एसएमई सेगमेंट के 5 आईपीओ खुलेंगे।
कंपनी का आईपीओ 23 फरवरी से 26 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 95 रुपये से 104 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी 114 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14976 रुपये का दांव लगाना होगा। बता दें, कंपनी के आईपीओ का साइज 110.24 करोड़ रुपये का है।
आईपीओ ग्रे मार्केट में 5 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। यह आईपीओ भी 23 फरवरी को खुल रहा है। निवेशक 26 फरवरी तक आईपीओ पर दांव लगा पाएंगे। कंपनी के आईपीओ का साइज 3100 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 1.14 करोड़ फ्रेश शेयर और 1.80 करोड़ शेयर ऑफर फार सेल के जरिए जारी करेगी। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 1000 रुपये से 1053 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया




है। बता दें, कंपनी ने 14 शेयरों का एक लॉट बनाया है।
कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में 4 रुपये प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी आईपीओ इस मेनबोर्ड आईपीओ का साइज 380 करोड़ रुपये है। कंपनी आईपीओ के जरिए 98 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ 24 फरवरी से 26 फरवरी तक खुला रहेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 367 रुपये से 386 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 32 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से मिनिमम इन्वेस्टमेंट अमाउंट 12352 रुपये का है। यह आईपीओ 25 फरवरी से 27 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए 216 रुपये से 227 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। आईपीओ का लॉट साइज 66 शेयरों का है। जिसकी वजह से कम से कम 14982 रुपये का इन्वेस्टमेंट करना होगा। बता दें, कंपनी के आईपीओ साइज 583 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ का साइज 69.72 करोड़ रुपये का है। आईपीओ 23 फरवरी को खुलेगा। निवेशकों के पास 25 फरवरी तक दांव लगाने का मौका रहेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 121 रुपये से 127 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।
इस कंपनी के आईपीओ का साइज 20.10 करोड़ रुपये है। कंपनी आईपीओ के जरिए 0.25 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ का प्राइस बैंड 75 रुपये से 80 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। आईपीओ 23 फरवरी से 25 फरवरी तक खुला रहेगा। यह आईपीओ 23 फरवरी को खुल जाएगा। आईपीओ 25 फरवरी तक खुला रहेगा। कंपनी ने 43 रुपये से 46 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड निर्धारित किया है। कंपनी ने आईपीओ के लिए 3000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। यह आईपीओ 25 फरवरी को खुलेगा। निवेशकों के पास 27 फरवरी तक दांव लगाने का मौका है। कंपनी ने आईपीओ के लिए 138 रुपये से 145 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। इस आईपीओ का लॉट साइज 1000 शेयरों का है। कंपनी के आईपीओ का साइज 36.29 करोड़ रुपये का है। यह आईपीओ 26 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक खुला रहेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 71 रुपये से 72 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।

# सेंसेक्स की टॉप 10 में से 6 कंपनियों का मार्केट कैप 63,478 करोड़ बढ़ा

### ● भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई

**मुंबई, एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 63,478.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 187.95 अंक या 0.22 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ। वहीं भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 28,523.31 करोड़ बढ़कर 6,02,552.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 16,015.12 करोड़ बढ़कर 11,22,581.56 करोड़ हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,617.56 करोड़ बढ़कर 14,03,239.48 करोड़ रुपये और एलआईसी का मूल्यांकन



5,977.12 करोड़ बढ़कर 5,52,203.92 करोड़ रुपये हो गया। 202.99 करोड़ रुपये बढ़कर 19,21,678.78 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,338.66 करोड़ रुपये घटकर 11,27,705.37 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,632.10 करोड़ रुपये घटकर 9,97,346.67 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,791.58 करोड़ रुपये घटकर 5,48,496.14 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 1,989.95 करोड़ रुपये घटकर 9,72,053.48 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और इन्फोसिस का स्थान रहा। बता दें कि बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आयी, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों पर दबाव देखा गया था। बीएसई का सेंसेक्स 316.57 अंक (0.38 प्रतिशत) चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत ऊपर 25,571.25 अंक पर रहा।

## फोनपे ने माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री के साथ एआई संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च किया लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** फोनपे ने शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री आधारित एक नया एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है। इससे यूजर्स साधारण आवाज या टेक्स्ट कमांड के जरिये एप में आसानी से नेविगेट (संचालन) कर सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं और अपने



ट्रांजैक्शन ट्रैक कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, यह फीचर डिजिटल पेमेंट को अधिक सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस फीचर के जरिए पारंपरिक मेन्यू-आधारित संचालन की जगह अब इंटेंट-आधारित सर्च मिलेगी। इससे यूजर बातचीत की तरह अपने काम पूरे कर सकेंगे। जैसे हेमंत को 20 रुपये भेजो कहने पर सीधे भुगतान स्क्रीन खुलेगी और सही रिसीवर पहले से चयनित होगा। सोने का भाव टाइप करने पर यूजर सीधे संबंधित सेवा या जानकारी पेज पर पहुंच जाएगा। यह टूल केवल सर्च तक सीमित नहीं है, बल्कि यूजर के इरादे को समझकर भुगतान, खरीदारी या सहायता से जुड़े कामों को पूरा करता है। यह ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित हाइब्रिड मॉडल पर काम करता है, जिससे यूजर का कोई भी निजी या ट्रांजैक्शन डाटा फोनपे के सुरक्षित वातावरण से बाहर नहीं जाता।

# मिस्त्र कर सफागा बंदरगाह में आईएनएस सुदर्शनी कर आगमन



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना कर नौकायन परसिछ्न पोत आईएनएस सुदर्शनी 21 फरवरी, 2026 के आपन चलेक वाला लोकयान-26 अभियान कर हिस्सा कर रुप में मिस्त्र कर सफागा पहुंचलक। 16 दिन में 1,832 समुद्री मील कर दूरी तय करते, सलालाह से सफागा तक कर ई सफर एगो महतपूर्न उपलब्धि आहे जे पोत कर चालक दल कर लचीलेपन, आत्मबिस्वास आउर सहनसक्ति के देखायला। पोत कर आगमन में मिस्त्र कर नौसेना कर अधिकारी आउर भारतीय दूतावास कर प्रतिनिधिमन कर द्वारा गर्मजोसी से सोवागत करल गेलक। आईएनएस सुदर्शनी कर कमांडिंग ऑफिसर रेड सी आउर सफागा नौसेना बेस कर बेस कमांडर रियर एडमिरल रामी अहमद इस्माइल मोहम्मद से मोलाकात करलयं।

ई मोलाकात में दुईयों नौसेना कर बीच बढ़त समुद्री साझेदारी उपरे जोर देल गेलक जे बेहतर नौसैनिक सहजोग आउर अंतर-संचालनीयता कर साझा दृष्टिकोन के दरसायला। भारतीय नौसेना, बंदरगाह में





रुकेक कर दौरान मिस्त्र कर नौसैनिकमन कर संगे पेसेवर बातचीत करी, नौकायन परसिछ्न में सर्वोत्तम प्रथा के साझा करी द्विपछीय सद्भावना के मजबूत करेक कर उद्देस से सामुदायिक संपर्क गतिबिधि कर संचालन करी। अदन कर खाड़ी आउर लाल सागर से होए के गुजरेक एगो महतपूर्न परिचालन चरन रहे, काले कि पोत चुनौती भरल मौसम कर इस्थिति आउर भारी समुद्री यातायात कर बीच से सफलतापूर्बक जात्रा करलक, जे उच्च स्तर कर बेवसायिक दछता आउर समुद्री कौसल कर परदरसन करेला। सफागा में आईएनएस सुदर्शनी कर जात्रा मैत्री के सेतु पहल कर तहत समुद्री संपर्क कर प्रति भारतीय नौसेना कर निरंतर प्रतिबद्धता कर पुष्टि करेला आउर भारत आउर मिस्त्र कर बीच मजबूत आउर स्थायी संबंध के रेखांकित करेला।



# आईआईएम रांची में विधान : द पॉलिसी ट्रायथलॉन 2026 कर समापन

## कई प्रतिष्ठित बिस्वबिद्यालय कर छात्रमन लेलयं भाग

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** आईआईएम रांची आउर एनयूएसआरएल संजुक्त रूप से आयोजित रास्ट्रीय स्तर कर नीति-निरमान प्रतिजोगिता ह्यविधान : द पॉलिसी ट्रायथलॉन 2026ह्न कर तीसर संस्करन कर आयोजन करलक। ई प्रतिजोगिता एकदम से छात्र-नेतृत्व वाला पहल रहे। इकर में आईआईएम रांची कर पॉलीट्रिक्स एवं पाराडोक्स आउर एनयूएसआरएल कर कौटिल्य सोसायटी अहम भूमिका निभालक।

सोवागत करते आईआईएम रांची कर निदेसक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव कहलयं कि सार्वजनिक नीति आइज कर बेरा कर एकदम महतपूर्न बिसय आहे, जे जुवामन के परसासन आउर नीति-निरमान में बेहतर भूमिका निभाएक ले तैयार करेला। ऊ कहलयं कि बदलत सामाजिक आउर आर्थिक परिदृश्य में प्रभावी नीति कर आवसकता बइढ़ जाए हे।

मुध गोतिया राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश कहलयं कि देस में नीति कर निरमान तो बहुते होवेला, मुदा उनकर सही क्रियान्वयन बेसी महतपूर्न आहे। नीति कर लाभ समाज कर अंतिम अदमी तक पहुंचेक चाही। प्रबंधन स्तर कर निरनयकर्ता के ई दिसा में गंभीरता से काम करेक चाही। एनयूएसआरएल कर असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. उत्कर्ष वर्मा कहलयं कि अइसन प्रतिजोगिता छात्रमन के नीति-निरमान आउर सोध कर प्रति प्रेरित करेला। कार्जकरम में डीन (अकादमिक) प्रो. तनुश्री दत्ता, डीन (एग्जीक्यूटिव एजुकेशन) प्रो. अमित सचान आउर प्रो. अंगशुमन हजारिका भी उपस्थित रहयं। ई प्रतिजोगिता में देस भइर कर प्रमुख संस्थान आईआइएम, एनएलयू, आईआईटी संगे अन्य प्रतिष्ठित बिस्वबिद्यालय कर छात्रमन भाग लेलयं। कई चरन कर मूल्यांकन प्रक्रिया कर बाद 11 गो टीम रास्ट्रीय फाइनल में पहुंचलक, जहां ऊमन आपन नीति-प्रस्तुति देलयं।




# रास्ट्रीय राजमार्ग कर निरमान गुनवत्ता उपरे नजीक से राखल जाई नजर




## मोबाइल गुनवत्ता नियंत्रन भेन कर होवी इस्तेमाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**नई दिल्ली।** देस में बहुत बड़ पैमाना में सड़क बने लाइग हे। अब धेयान खली नेटवर्क बढ़ायेक से हइट के बिस्व स्तरीय गुनवत्ता, सुरछा आउर भरोसेमंद बनायेक उपरे केंद्रित होवत हे। सड़क परिवहन आउर राजमार्ग मंत्रालय कर प्रायोगिक परिजोजना ई दिसा में कदम बढ़ाय हे। इकर में मोबाइल गुनवत्ता नियंत्रन भेन (एमक्यूसीवी) कर इस्तेमाल कइर के रास्ट्रीय राजमार्ग कर निरमान गुनवत्ता उपरे नजीक से नजइर राखल जाई। ई प्रायोगिक परिजोजना राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक आउर ओडिशा में लागू करल जाए हे।

ई मोबाइल गुनवत्ता नियंत्रन परनाली कर बिस्तार अन्य राइज में होवेक वाला हय। सड़क परिवहन आउर राजमार्ग मंत्रालय पहिलेहे 11 गो राइज में एमक्यूसीवी कर अगला चरन कर जोजना बनाय लेइ हे। इकर में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम आउर मेघालय सामिल आहे। एमक्यूसीवी कर अगला चरन ले निविदा पहिलेहे मंगाल जाए चुइक हे। आसा आहे कि जून, 2026 तक एमक्यूसीवी सुरू होए जाई।



# भारतीय नौसेना में सामिल होवी अंजदीप

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**चेन्नई।** भारतीय नौसेना पनडुब्बी रोधी जुद्ध (एएसडब्ल्यू) छमता के बढ़ायेक ले आठ जुद्धपोत वाला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) परिजोजना कर तीसर पोत अंजदीप के सामिल करेक जात हे। ई जुद्धपोत के 27 फरवरी, 2026 के चेन्नई बंदरगाह में पूर्वी नौसेना कमान में औपचारिक रूप से सामिल करल जाई। ई समारोह कर अध्यछता नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी करबयं। ई सुभारंभ समारोह से रक्षा छेतर में 'आत्मनिर्भर भारत' कर दिसा में रास्ट्र कर तीव्र प्रगति कर पता चलेला, काले कि एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट परिजोजना स्वदेसी जुद्धपोत डिजाइन आउर निरमान कर सफलता कर उत्कृस्ट उदाहरन हय। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा निर्मित, अंजदीप एगो अत्याधुनिक पोत आहे जेके बिसेस रूप से तटीय जुद्ध बाताबरन कर चुनौति कर सामना करेक ले डिजाइन करल जाए हे - यानी तटीय आउर उथले जल छेतर जे रास्ट्र कर सुरछा ले बहुते महतपूर्न आहे।



## नाती



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

पुरखा से मिलेला माटी
परंपरा धरम आउर संस्कृति,
हामरे खुरियाय रइह जाथी
बाचाय ले दीया - बाती,
पुरखा से मिलेला माटी
परंपरा धरम आउर संस्कृति।

अपन-अपन सीमा बाटल रहेला
बदरी काहां केकरू होवेला ?

जोतेक कोड़ेक,रोपेक बोहेक
करबे तब नी रे नाती,
खेत खरियान बारी बाची,
पुरखा से मिलेला माटी
परंपरा धरम आउर संस्कृति।

पुरने सही कुम्बे - कुरिया
या लेवा देवल घर भी मिलेला,
मेहनइत करबे तो....
खराब किसमत भी बदलेला,
आब फंग - फंग है तो घेर
लागाव दुरा - टाटी,
पुरखा से मिलेला माटी
परंपरा धरम आउर संस्कृति।

पुरखा से मिलेला माटी
परंपरा धरम आउर संस्कृति,
हामरे खुरियाय रइह जाथी
बाचाय ले दीया - बाती,
पुरखा से मिलेला माटी

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com